सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट
2020-2021

arch, 2021 (We
0:00 AM to 01:30 P

Sushma Swaraj Bhawan
Chanakyapuri, New Delhi

राष्ट्रीय महिला आयोग
NATIONAL COMMISSION FOR WOMEN

राष्ट्रीय महिला आयोग

वार्षिक रिपोर्ट

2020-21

राष्ट्रीय महिला आयोग

प्लॉट नं. 21, जसोला इंस्टीट्यूशनल एरिया-110025, नई दिल्ली

http://www.ncw.nic.in

अनुक्रमणिका

अध्याय		पृष्ठ संख्या
	प्रस्तावना	v-vii
अध्याय–1	पृष्ठभूमि	1-4
अध्याय–2	शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ	5-13
अध्याय–3	अनिवासी भारतीय विवाह से संबंधित मुद्दे	14-15
अध्याय–4	घटनाओं/मामलों का स्वतः संज्ञान	16-21
अध्याय–5	नीति, निगरानी एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ	22-25
अध्याय–6	महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ	26-31
अध्याय–7	पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रयास	32
अध्याय–8	महिला कल्याण एवं क्षमता निर्माण प्रकोष्ठ	33-38
अध्याय–9	कानूनी समीक्षा एवं विधिक जागरूकता	39-41
अध्याय–10	जेल, हिरासत गृहों और मनोरोग संस्थानों का निरीक्षण	42-45
अध्याय–11	सूचना का अधिकार	46-47
अध्याय–12	यौन उत्पीड़न की शिकायतों से निपटने के लिए तंत्र	48
अध्याय–13	मीडिया और आउटरीच कार्यक्रम	49-52
अध्याय–14	सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग	53-54
अध्याय–15	सरकारी कार्यों में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग	55
अध्याय–16	वार्षिक लेखा 2020–21	56-100
अध्याय–17	लेखापरीक्षा रिपोर्ट	101-105

उपाबंध

उपाबंध–I	आयोग की संरचना	107
उपाबंध–II	आयोग का संगठनात्मक चार्ट	108
उपाबंध–III	2020–21 के दौरान आयोग के प्रमुख निर्णय/मामले	109-117
उपाबंध–IV	वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान वित्त पोषित वेबिनार	118-125
उपाबंध–V	वित्तपोषित अनुसंधान अध्ययन 2020–21	126-127
	फोटो संग्रह	128-150

Rekha Sharma
Chairperson

Tel. : 011-26944808
Fax : 011-26944771

भारत सरकार
राष्ट्रीय महिला आयोग
प्लाट नं. 21, जसोला इंस्टीट्यूशनल एरिया
एफ.सी.–33, नई दिल्ली–110 025
GOVERNMENT OF INDIA
NATIONAL COMMISSION FOR WOMEN
PLOT NO. 21, FC-33, JASOLA
INSTITUTIONAL AREA, NEW DELHI-110 025
Website : www.ncw.nic.in
E-mail : chairperson-ncw@nic.in
sharma.rekha@gov.in

प्रस्तावना

राष्ट्रीय महिला आयोग की वार्षिक रिपोर्ट 2020–21 की प्रस्तुति के समय मुझे अपार गर्व है कि आयोग ने पिछले प्रयासों को और भी सुदृढ़ एवं बेहतर किया है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आयोग ने नई चुनौतियों का सामना किया और महिलाओं को सशक्त बनाने के नवीन प्रयासों में सबसे अग्रणी रहा है।

विभिन्न कार्य–क्षेत्रों में लैंगिक समानता में उत्साहवर्धक सुधार होने के बावजूद इस क्षेत्र में फिलहाल और अधिक प्रगति की अत्यधिक संभावनाएं हैं। देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग समर्पित रूप से काम कर रहा है और महिलाओं की मदद कर रहा है। आयोग हमेशा महिलाओं की समानता के लिए तैनात है और समाज के साथ कार्यस्थल में भी प्रगति को तेज करने और लैंगिक अंतर को मिटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

वर्ष के दौरान,आयोग ने विभिन्न कानूनों की समीक्षा की,घरेलू हिंसा पीड़ितों को तुरंत सहायता प्रदान करने के लिए व्हाटसेप नं. की शुरूआत की, महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए। मातृ एवं बाल स्वास्थ्य,महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, स्तनपान एवं दुग्धपान, महिलाओं में निर्णय लेने की क्षमता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति आदि विभिन्न विषयों पर वेबिनार आयोजित किए। राष्ट्रीय महिला आयोग ने कई शोध विषयों जैसे प्रवासी महिला श्रमिकों, महिलाओं के समक्ष आने वाली मानसिक–स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं, घरेलू हिंसा आदि को भी वित्त–पोषित किया है।

आयोग ने महिलाओं की समस्याओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए विभिन्न प्राधिकारियों के साथ ई–बैठकें भी आयोजित की और महामारी के दौरान महिलाओं की समस्याओं से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों पर मान्य राज्य महिला आयोगों से चर्चा की।

समाज की सबसे छोटी इकाई है परिवार और हिंसा मुक्त घर ही हिंसा मुक्त समाज की कुंजी है। आयोग की सर्वाधिक महत्वपूर्ण गतिविधियों में से एक है महिला सुरक्षा, इसीलिए कोरोना वायरस के कारण देशव्यापी तालाबंदी के दौरान घरेलू हिंसा के मामलों की रिपोर्टिंग के लिए आयोग ने एक आपातकालीन व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 7217735372 शुरू किया।

महामारी की शुरुआत में लगाए गए लॉकडाउन के कारण देश भर में प्रवासी श्रमिकों के आवागमन की संख्या बहुत अधिक बढ़ गई थी। राष्ट्रीय महिला आयोग ने सभी प्रवासी महिलाओं के मौलिक अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए एक एडवाइजरी जारी की। अपने अधिदेश के अनुरूप,आयोग की एडवाइजरी का उद्देश्य लॉकडाउन के दौरान प्रवासी महिलाओं की अन्य जरूरतों के साथ–साथ उनके लिए भोजन, आश्रय, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को पूरा करना था।

महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा तरीका महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है ताकि वे स्वयं अपनी मशाल वाहक बन सकें। कानूनी जागरूकता महिलाओं को सम्मानजनक जीवन जीने का मौका देती है। गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए न्याय को सुलभ बनाने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के सहयोग से महिला संबंधित कानूनों के तहत महिलाओं को प्रदत्त विभिन्न बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपचारों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया।

आयोग को देश भर से पीड़ित महिलाओं की ओर से बहुत बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त होती हैं जिनके त्वरित निवारण के लिए संबंधित राज्यों और अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से कार्रवाई की जाती है। एक मजबूत शिकायत पंजीकरण प्रणाली के अलावा, आयोग ने महिलाओं के अधिकारों के उल्लंघन और उनके खिलाफ हुए अपराधों के मामलों की कई घटनाओं का स्वतः संज्ञान लेना जारी रखा है। आयोग विदेश मंत्रालय, विदेश में भारतीय मिशनों, राज्य पुलिस प्राधिकरणों आदि के समन्वय से अनिवासी भारतीय विवाह से संबंधित मामलों को हल करने के लिए भी सहायता प्रदान करता रहा है।

देश भर में महिलाओं तक पहुंचने के रा.म.आ के संकल्प के अनुरूप, आयोग ने जम्मू और कश्मीर के समाज कल्याण विभाग के सहयोग से जम्मू में पहली बार 'महिला जन सुनवाई' का आयोजन किया, जहां शिकायतकर्ताओं के मामलों की सुनवाई की गई और मौके पर ही उनका निपटारा किया गया।

महिलाओं में आर्थिक सशक्तिकरण को प्रबल करने के लिए सक्रिय प्रयासों की आवश्यकता है ताकि उन्हें वित्तीय कौशलों के प्रभावी प्रयोग के लिए शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनने के अवसर दिए जा सकें। महिलाओं को स्वतंत्र बनाने के आयोग के संकल्प के अनुरूप भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु और भारत लघु एवं मध्यम उद्योग(एसएमई) फोरम की सहभागिता से रा.म.आ. 5000 महत्वाकांक्षी महिला उद्यमियों के प्रशिक्षण में सहायक एवं प्रायोजक रहा।

आयोग ने अपने पूर्वोत्तर प्रकोष्ठ के माध्यम से वेबिनार और आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन करके पूर्वोत्तर राज्यों, विशेष रूप से इस क्षेत्र की महिलाओं के समावेश और विकास के लिए लगातार काम किया है। आयोग ने उत्तर पूर्व की महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं पर जागरूकता पैदा करने के अपने प्रयास में एक मेगा वेबिनार का आयोजन किया, जिसमें महानगरीय शहरों में इन महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई और उन्हें सशक्त बनाया गया।

आयोग ने 18 घंटे की वर्चुअल चर्चा की, जो 'शारीरिक या व्यावहारिक' रूप से महिलाओं और बालिकाओं के सामने आने वाली वास्तविक एवं आभासी चुनौतियों जैसे विभिन्न मुद्दों पर 6 समर्पित घंटों की चर्चा के साथ 3 दिन तक चली। इसमें महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ दुर्व्यवहार को रोकने के लिए दृष्टिकोण, धारणा और तरीकों पर व्यापक और सार्थक बातचीत करने के लिए सरकार, कानून प्रवर्तन

एजेंसियों, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिष्ठित पदाधिकारी और विद्वान, व्यवसायी और कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

आयोग इंटरनेट की शक्ति के अनुरूप सफलतापूर्वक तेजी से कार्य करता रहा और कोविड–19 महामारी के कारण उत्पन्न नई जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वेबिनार, ट्वीट चैट और सोशल मीडिया जैसे नए मीडिया टूल की ओर रुख किया। आयोग ने महिला केंद्रित मुद्दों जैसे मातृ स्वास्थ्य और बाल पोषण, सुरक्षित गर्भपात तक पहुंच, महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य आदि पर फेसबुक लाइव कार्यक्रमों और वेबिनार का आयोजन किया है। विशेष फेसबुक लाइव कार्यक्रम आयोजित करने के अलावा आयोग व्यापक पहुंच के लिए फेसबुक पर अपने वेबिनार का जीवंत प्रसारण (लाइव स्ट्रीम) भी करता है।

महिलाओं के कानूनी अधिकारों की जांच और सुरक्षा के लिए राष्टीय महिला आयोग निहित शक्तियों के साथ कानूनों की समीक्षा कर रहा है और उनके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उनमें आवश्यक रूप से अद्यतन परिवर्तन की सिफारिश कर रहा है। महिलाओं के सामने आने वाली नई चुनौतियों का समाधान करने और लैंगिक समानता लाने के लिए आयोग ने वर्तमान में ''भारत में महिलाओं और अंतर–राज्यीय महिला प्रवासी श्रमिकों के खिलाफ साइबर अपराध'' की समीक्षा की।

रा.म.आ. महिलाओं के लिए एक सुरक्षित साइबर स्पेस बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रा.म.आ. अपने कार्यक्रम – 'वी थिंक डिजिटल' के माध्यम से डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है, जो फेसबुक और साइबर पीस फाउंडेशन के सहयोग से एक वैश्विक डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम है। कार्यक्रम का तीसरा चरण 4 मार्च, 2021 को लेह में शुरू किया गया था।

आयोग ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा को खत्म करने में एक लंबा सफर तय किया है और दृढ़ता से विश्वस्त है कि महिलाओं के लिए समानता सुनिश्चित करना एक सामूहिक दायित्व है और हमें तब तक नहीं रुकना चाहिए जब तक हर महिला एक स्वतंत्र और सम्मानजनक जीवन–यापन नहीं कर पाती। आयोग के कार्य–विस्तार का श्रेय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, राज्य सरकारों और राज्य महिला आयोगों से प्राप्त सहयोग को जाता है।

आयोग के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी ने हमें हर साल नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपनी पूरी क्षमता से काम किया है। आयोग द्वारा निर्धारित प्रत्येक मील का पत्थर राष्ट्रीय महिला आयोग के अधिकारियों/कर्मचारियों की दृढ़ता और कड़ी मेहनत का परिणाम है। मैं इस आयोग को हर साल नए मील के पत्थर स्थापित करने में सक्षम बनाने के लिए उन सभी को धन्यवाद देती हूं और मुझे आशा है कि राष्ट्रीय महिला आयोग भविष्य में भी महिलाओं के लिए और अधिक उत्साह और समर्पण के साथ काम करना जारी रखेगा।

(रेखा शर्मा)

अध्याय 1

पृष्ठभूमि

1.1 भारतीय संविधान चाहता है कि देश के सभी नागरिक अपनी क्षमता की पहचान कर सशक्त बनें। यह इस ओर ध्यान देता है कि प्रत्येक नागरिक के लिए अनुकूल सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक वातावरण का निर्माण किया जाए ताकि वे सभी गतिविधियों में पूर्ण रूप से भाग लें। अन्य सभी के बीच, यह लैंगिक समानता तथा लिंग आधारित मतभेदों के बावजूद सभी को समानता के अवसर का आश्वासन देता है।

1.2 राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के अनुपालनार्थ महिलाओं के अधिकारों और हितों को सुरक्षित रखने और उनमें अपेक्षित सुधार लाने के लिए 31 जनवरी, 1992 को राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन किया गया। यह सांविधिक निकाय के रूप में कार्यरत है। आयोग को अधिदेश है कि संविधान तथा अन्य कानूनों के तहत महिलाओं को प्रदान किए गए कानूनी सुरक्षा उपायों की पहचान एवं जांच करे तथा इनके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु उपायों की सिफारिश सरकार से करे।

1.3 आयोग को संविधान में दिए गए वर्तमान प्रावधानों और महिलाओं को प्रभावित करने वाले अन्य कानूनों की समीक्षा करने और ऐसे कानूनों में किसी भी प्रकार की कमी, अपर्याप्तता या कमियों को पूरा करने के लिए संशोधनों की सिफारिश करने का अधिदेश प्राप्त है। आयोग को अधिदेश है कि वह महिलाओं की शिकायतों पर गौर करे, उनके लिए बनाए गए अधिकारों की अवहेलना आदि से संबंधित मामलों का स्वतः संज्ञान ले और मुद्दों के अनुरूप उचित अधिकारियों के साथ संपर्क कर उनका समाधान करे। महिलाओं के सामयिक/प्रासंगिक मुद्दों पर शोध अध्ययन, पुलिस अधिकारियों के लिए लिंग संवेदीकरण, महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए बन रही योजनाओं की प्रक्रिया में सहभागिता और परामर्श, महिलाओं की सामाजिक–आर्थिक प्रगति का मूल्यांकन, जेल, रिमांड होम आदि का निरीक्षण एवं आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्रवाई आदि जैसे कार्य आयोग को सौंपे गए है। महिला सशक्तिकरण के लिए कानून, नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु महिलाओं की परेशानियों का हल निकालने का दायित्व एवं गतिविधियों की रूपरेखा बनाने तथा उनके कार्यान्वयन और निगरानी के कार्य में मदद करने का प्रभार आयोग को दिया गया है।

1.4 किसी देश के विकास के लिए आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं और पुरुषों की समान भागीदारी आवश्यक होती है। असमानता की स्थिति में देश की प्रगति का रास्ता संकीर्ण हो जाता है, इस वास्तविकता को महसूस करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 (1990 का 20) संसद द्वारा पारित किया गया था। अधिनियम 31.01.1992 को लागू हुआ और तदनुसार आयोग की स्थापना की गई। उपर्युक्त अधिनियम की धारा 10 के अतर्गत आयोग के कार्यों को सूचीबद्ध किया गया है। संक्षेप में निम्न कार्यों का दायित्व आयोग को सौंपा गया है:–

i. महिलाओं के संवैधानिक और कानूनी सुरक्षा उपायों से संबंधित सभी मामलों का अध्ययन और निगरानी

ii. मौजूदा विधानों की समीक्षा करना और जहाँ आवश्यक हो, संशोधन का सुझाव देना।

iii. असहाय महिलाओं के अधिकारों की अवहेलना के मामलों में उन्हें कानूनी सहायता देने या अन्य किसी प्रकार से सहायता देने के लिए उन मामलों का स्वतः संज्ञान लेना।

iv. जीवन के सभी क्षेत्रों में समानता हासिल करने और राष्ट्र के विकास में समान भागीदारी के लिए महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए सभी कानूनों के उचित कार्यान्वयन की निगरानी तथा

v. महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक विकास की योजना बनाने में प्रचार और शैक्षिक अनुसंधान को बढ़ावा देना और इसमें भाग लेना और सलाह देना।

1.5 आयोग में एक अध्यक्ष, पांच सदस्य और एक सदस्य सचिव के पद शामिल हैं। आयोग की संरचना उपाबंध–I में दी गई है। अध्यक्ष और आयोग के सदस्यों का अधिकतम कार्यकाल तीन वर्ष है। आयोग की सहायता के लिए एक सचिवालय है। इसके अलावा, आयोग में समन्वयन, सूचना का अधिकार(आरटीआई) से संबंधित मुद्दों, सूचना प्रौद्योगिकी(आईटी), राजभाषा, जनसंपर्क आदि प्रशासनिक मामलों से संबंधित दिन–प्रतिदिन के कार्यों के निर्वहन में सहायता प्रदान करने के लिए अनुभाग/इकाईयों/प्रकोष्ठों की स्थापना की गई हैं जो निम्नवत हैं:–

i. शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ

ii. अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ

iii. नीति, निगरानी और अनुसंधान प्रकोष्ठ

iv. क्षमता निर्माण प्रकोष्ठ

v. महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ

vi. स्वतः संज्ञान प्रकोष्ठ

vii. पूर्वोत्तर प्रकोष्ठ

viii. मनोरोग गृह/संरक्षण सुधार गृह प्रकोष्ठ

ix. विधिक प्रकोष्ठ प्रकोष्ठ

x. सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ

xi. राजभाषा प्रकोष्ठ

1.6 वर्तमान में, प्रकोष्ठों के अधिकांश अधिकारी/कर्मचारी संविदात्मक आधार पर और बाहरी माध्यम (आउटसोर्स) से लिए गए है, इनमें कुछ अधिकारिया/कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किया गया है। आयोग का संगठनात्मक चार्ट उपाबंध–II में रखा गया है।

1.7 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आयोग द्वारा की गई बैठकों के विचाराधीन मामलों और लिए गए प्रमुख निर्णयों का विवरण उपाबंध–III में दिया गया है।

1.8 आयोग ने 31 जनवरी, 2021 को अपनी संस्था के 29 वर्ष ऐसे समय में पूरे किए जब राष्ट्र कोविड महामारी के कारण हुए अभूतपूर्व संकट से उभर रहा था जिसने विश्व को नुकसान के असहनीय बोझ से पीड़ित कर दिया था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने अपने स्थापना दिवस में उन महिला कोविड योद्धाओं को सम्मानित करने के लिए 'कोविड वुमन योद्धा रियल हीरोज' कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया, जिन्होंने महामारी के दौरान असाधारण और सराहनीय कार्य किया था।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों को प्रशस्ति–प्राप्ति के लिए महिला अधिकारियों को नामित करने के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रीय महिला आयोग ने नामांकन आमंत्रित करने के लिए जन स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग और स्थानीय निकायों को पत्र लिखा था। इसकी प्रतिक्रिया अभूतपूर्व थी।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस अवसर पर इन विस्मृत महिलाओं के अमूल्य योगदान को मान्यता दी, जो निस्वार्थता, वीरता और समर्पण की प्रतिमूर्ति थीं। ये महिलाएं असली हीरो थीं और आयोग ने उनके प्रति आभार व्यक्त करने में गर्व महसूस किया, जिन्होंने देश को सुरक्षित और भयमुक्त बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाई।

1.9 आयोग ने 15 अगस्त, 2020 को राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (NALSA) के सहयोग से जमीनी स्तर पर महिलाओं के लिए 'कानूनी जागरूकता कार्यक्रम' शुरू किया। पायलट परियोजना में 8 राज्यों (उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और असम) के सभी जिलों को शामिल किया गया।

अगस्त से दिसंबर, 2020 की समयावधि में 34,631 प्रतिभागियों के साथ कुल 675 शिविरों का आयोजन किया गया था। कुल शिविरों में से 627 शिविर गैर–पूर्वोत्तर क्षेत्र राज्यों में और 48 शिविर पूर्वोत्तर क्षेत्र राज्य (यानी असम) में आयोजित किए गए थे।

1.10 'पोषण अभियान' के तहत तीसरे राष्ट्रीय पोषण माह (सितंबर 2020) के उत्सव को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय महिला आयोग ने निम्नलिखित गतिविधियां कीं:–

i. 22 सितंबर, 2020 को 'कोविड–19 युग में स्तनपान और दुग्धपान' पर टॉक शो

ii. 'मातृ एवं शिशु पोषण' के महत्व पर ऑनलाइन चर्चा

iii. सुश्री रुजुता दिवेकर के साथ महिलाओं के बीच 'स्वास्थ्य और पोषण' के प्रभाव और प्रचार पर लघु सत्र

1.11 आयोग ने 25–27 नवंबर 2020 तक ''महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ भारत'' (IAAW)

पर तीन दिवसीय समर्पित विचार–विमर्श का आयोजन किया। यह विचार–विमर्श 18 घंटे की वर्चुअल चर्चा थी, जो महिलाओं और बालिकाओं के सामने आने वाली वास्तविक एवं आभासी चुनौतियों जैसे विभिन्न मुद्दों पर 6 समर्पित घंटों की चर्चा के साथ 3 दिन तक चली।

आयोग ने महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ दुर्व्यवहार को रोकने के तरीकों, धारणाओं और तरीकों पर व्यापक और सार्थक बातचीत करने के लिए सरकार, विधिक प्रवर्तन एजेंसियों, गैर सरकारी संगठनों, व्यवसायिकों और कार्यकर्ताओं के प्रतिष्ठित पदाधिकारियों और विद्वानों को एकत्रित किया।

विचार–विमर्श में निम्नलिखित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई:

i. बालिकाओं और महिलाओं के खिलाफ हिंसा की वास्तविकता।

ii. महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा – यह पुरुषों का मामला है।

iii. यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों पर बातचीत।

iv. महिलाओं के साथ ऑनलाइन दुर्व्यवहार कैसे नियंत्रण से बाहर हो गया है।

v. मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े लांछन को समाप्त करें।

vi. लैंगिक हिंसा के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं

1.12 'महिलाओं के लिए पुरुष' विषयवस्तु पर महिला दिवस उत्सव – 2021 का मनाया जाना–

आयोग ने 10 मार्च, 2021 (बुधवार) को 'महिलाओं के लिए पुरुष' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, जिसका उद्देश्य सभी व्यक्तियों को परिवर्तन के अभिकर्ता के रूप में प्रतिभागिता द्वारा लैंगिक–समानता को प्रोत्साहित कर नकारात्मक रूढ़ियों और व्यवहारों के खिलाफ कार्रवाई करना था।

श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी–माननीय मंत्री–महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम को सुशोभित किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री हंस राज हंस–संसद सदस्य–उत्तर पश्चिम दिल्ली, श्री राम मोहन मिश्रा– सचिव–महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और श्रीमती रेखा शर्मा–माननीय अध्यक्षा–राष्ट्रीय महिला आयोग उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद अनुष्ठान थिएटर ग्रुप द्वारा विषयवस्तु आधृत नाटक और महिलाओं के लिए पुरुषों की भावना पर केंद्रित एक पैनल चर्चा की गई और सभी पैनलिस्टों को प्रेरक महिलाओं के जीवन में उनकी भूमिका के लिए नमन किया गया।

इस प्रकार के आयोजन अरुणाचल प्रदेश, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मणिपुर, मेघालय, उड़ीसा, सिक्किम, उत्तराखंड, तेलंगाना, मिजोरम और हरियाणा के राज्य महिला आयोगों के सहयोग से दोहराये गए।

1.13 कुल मिलाकर, आयोग द्वारा वर्ष 2020–2021 के दौरान अपने अधिदेश को आगे बढ़ाने के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

अध्याय 2

शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ

2.1 आयोग, देश में महिला अधिकारों की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के गैर–अनुपालन तथा महिला अधिकारों से उन्हें वंचित करने सें संबंधित शिकायतों एवं परेशानियों के निवारण–कार्य में सक्रिय रूप से संलग्न है। यह कार्य आयोग के अत्यधिक महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। महिलाओं के संवैधानिक और कानूनी अधिकारों तक वास्तविक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आयोग जमीनी स्तर पर अथक प्रयास करता है क्योंकि कानून, अधिकार, हक, योजनाएं, कार्यक्रम, परियोजनाएं तब ही प्रभावी होती है, जब इनको बेहतर रूप में लागू किया जाता है। पीड़ा का निवारण तथा शिकायतों/मामलों का शीघ्र निपटान आयोग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार की शिकायतों में कमी लाना हमारी प्राथमिकता है।

2.2 शिकायत एवं जाँच प्रकोष्ठ पूरे देश से प्राप्त ऐसी शिकायतों पर कार्यवाही करता है जो महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखने/कानूनों के गैर–कार्यान्वयन से संबंधित होती हैं। यह प्रकोष्ठ शिकायतों को लिखित या ऑनलाइन, www.ncw.nic.in माध्यम से प्राप्त करता है। कुछ शिकायतें मौखिक रूप से भी की जाती हैं। शिकायतों के निवारण के लिए आयोग संबंधित क्षेत्रों के व्यवसायिकों एवं विशेषज्ञों जैसे मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, कानूनी परामर्शदाता आदि की सहायता लेता है।

2.3 आयोग, शिकायतों के निराकरण/संसाधन के लिए राज्य पुलिस अधिकारियों, राज्य महिला आयोगों, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणों, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों आदि के साथ अपनी सहभागिता का लाभ उठाता है तथा आवश्यकतानुसार राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और अन्य आयोगों की सहभागिता से गतिविधियों का संचालन करता है।

2.4 आयोग शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। आयोग की वेबसाइट www.ncw.nic.in के माध्यम से आयोग ने शिकायतों के शीघ्र और सरल पंजीकरण के लिए वर्ष 2005 में ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण प्रणाली की शुरूआत की। इस सॉफ्टवेयर में निरन्तर सुधार किया जा रहा है जिससे कि वह बदलती हुई जरूरतों को पूरा कर सके और उपयोक्ता के अनुकूल हो। इस प्रणाली के परिणामस्वरूप शिकायतों के तुरंत पंजीकरण और पावती जारी करने में तेजी आई है। जिस भी व्यक्ति को कोई शिकायत है वह कहीं से भी उक्त साइट पर लॉगइन करके अपनी शिकायत पंजीकृत कर सकता है। उक्त शिकायत को पंजीकरण संख्या दी जाती है। उसके बाद उस शिकायत का निपटान भी डाक द्वारा/दस्ती प्राप्त होने वाली शिकायतों आदि की तरह ही किया जाता है। इस प्रणाली से शिकायत के पंजीकरण के समय उन्हें दी गई विशिष्ट प्रयोक्ता आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग करके शिकायतकर्ता अपने मामले की प्रगति की जानकारी ले सकता है।

2.5 आयोग ने विभिन्न प्रकार की शिकायतों के निवारण पर पर्याप्त ध्यान सुनिश्चित करने के लिए इनकी गंभीरता को ध्यान में रखते हुए एक वैज्ञानिक प्रोटोकॉल तैयार किया है। इसके अंतर्गत शिकायतों को दो वर्गों में वर्गीकृत किया है एक श्रेणी में आयोग के अधिकार क्षेत्र की सीमा से बाहर के मामले "गैर–अधिदेशात्मक" और दूसरी श्रेणी में आयोग के अधिकार–क्षेत्र से जुड़े "अधिदेशात्मक" मामले हैं। आयोग के अनुभव के आधार पर, आयोग द्वारा प्राप्त शिकायतें मोटे तौर पर निम्नलिखित श्रेणियों में आती हैं:–

i. पुलिस की उदासीनता/निष्क्रियता संबंधी शिकायतें ऐसी शिकायतें संबंधित प्राधिकारियों को मामले की समय पर और उचित जांच सुनिश्चित करने के लिए प्रेषित की जाती है। उनसे शिकायत के संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट (ए.टी.आर.) ली जाती है और उसकी जांच की जाती है। आयोग वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के साथ फोन पर या लिखित रूप में संपर्क बनाए रखता है और व्यक्तिगत शिकायतों की प्रगति की तब तक देखरेख करता है, जब तक उनका तर्कपूर्ण निष्कर्ष नहीं निकलता है।

ii. पारिवारिक/वैवाहिक विवाद, जहां तक संभव हो, परामर्श के माध्यम से हल किए जाते हैं। आयोग विवाद का समाधान करने के लिए पक्षकारों के साथ कम से कम एक बार उन्हें परामर्श देने का प्रयास करता है। विदेशी दम्पतियों/परिवारों के मामले में स्थानीय प्राधिकारियों/राज्य महिला आयोगों/राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/संरक्षण अधिकारियों से भी सहायता ली जाती है। शीघ्रतापूर्वक मामलों का समाधान करने की दृष्टि से किसी राज्य से संबंधित मामलों को महिला जन सुनवाई के दौरान भी उठाया जाता है जहां महानिदेशक/पुलिस आयुक्त सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, संबंधित जांच अधिकारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहते हैं।

iii. गंभीर अपराधों के मामले में आयोग जांच समिति गठित करता है। ऐसी समिति घटनास्थल पर जाकर जांच करती है, विभिन्न साक्ष्यों की जांच करती है, साक्ष्य एकत्रित करती है और आयोग को अपनी सिफारिशों के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। ऐसी जांच से हिंसा और अत्याचार से पीड़ित महिलाओं को तुरन्त राहत और न्याय दिलाने में सहायता मिलती है। आयोग जांच समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन की देखरेख करता है और न्यायालय में आरोपपत्र फाइल होने तक राज्य सरकारों/प्राधिकारियों के साथ ऐसे मामलों में अनुकरण करता रहता है, जहां शिकायत किए गए आरोप जांच के पश्चात् साबित नहीं होते हैं वहां मामले को बंद कर दिया जाता है।

iv. कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की बाबत आयोग संबंधित संगठन/विभाग/प्राधिकरण को ऐसी शिकायतों की जांच करने के लिए कार्यस्थल में महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार आन्तरिक समिति गठित करने की सलाह देता है। ऐसे सभी संगठनों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे आंतरिक समिति की रिपोर्ट की प्रति अवलोकनार्थ आयोग को प्रस्तुत करें। आयोग मीडिया/कार्यशालाओं/सेमिनारों के माध्यम से अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सक्रिय कदम भी उठाता है।

v. ऐसी शिकायतें जो प्रत्यक्ष रूप से महिलाओं के अधिकारों की अवहेलना से संबंधित नहीं हैं वे समुचित कार्रवाई के लिए आयोग द्वारा राज्य महिला आयोगों, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग तथा उससे संबंधित राज्य आयोगों को प्रेषित की जाती हैं। अन्य मामलों में शिकायतें यथोचित रूप में मामले के अनुरूप कार्रवाई हेतु संबंधित प्राधिकारियों को प्रेषित की जाती हैं।

2.6 जिन मामलों में आयोग मानता है कि अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, ऐसे मामले कानून के अनुसार कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को भिजवाए जाते हैं। हालाँकि, निम्नलिखित प्रकृति की शिकायतों/मामलों पर आम तौर पर विचार नहीं किया जाता है।

i. अपठनीय या अस्पष्ट, बेनामी या छद्म नाम वाली शिकायतें।

ii. जब उठाया गया मुद्दा पक्षकारों के बीच संविदात्मक अधिकारों, बाध्यताओं आदि जैसे सिविल विवादों से संबंधित हो।

iii. जब उठाए गए मामले उनके अधिकारों से वंचित किए जाने से संबंधित न होकर सेवा संबंधी मामलों से जुड़े हों।

iv. जब उठाया गया मुद्दा महिलाओं को अधिकारों से वंचित किए जाने से संबंधित न होकर श्रम संबंधी/औद्योगिक मुद्दे से जुड़ा हो।

v. जब मामला न्यायाधीन हो।

vi. ऐसे मामले जो किसी राज्य आयोग या किसी कानून के अधीन सम्यक रूप से गठित किसी अन्य आयोग के समक्ष लंबित हों।

vii. जब आयोग ने मामले में निर्णय पहले ही कर दिया हो।

viii. जब मामला किसी अन्य कारण से आयोग के कार्यक्षेत्र से बाहर हो।

ix. संपत्ति विवाद से संबंधित मुद्दे।

2.7 शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ में पंजीकृत अनिवार्य अधिदेशात्मक शिकायतें निम्नलिखित 23 श्रेणियों में दर्ज की गई हैं:

i. बलात्कार/बलात्कार का प्रयास

ii. एसिड हमला

iii. अवैध यौन हमला

iv. यौन– उत्पीड़न

v. पीछा करना/बुरी नजर से देखना

vi. महिलाओं की तस्करी/वेश्यावृत्ति

vii. महिलाओं का शील भंग करना/छेड़–छाड़ करना

viii. महिलाओं के विरूद्ध साइबर अपराध

ix. महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता

x. विवाहित महिलाओं का उत्पीड़न/दहेज उत्पीड़न

xi. दहेज मृत्यु

xii. द्विविवाह/बहुविवाह

xiii. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण

xiv. महिलाओं को संतान–संरक्षण/विवाह–विच्छेद का अधिकार

xv. अपनी पसंद से विवाह का अधिकार/प्रतिष्ठा हेतु अपराध

xvi. गरिमा के साथ जीने का अधिकार

xvii. महिलाओं का कार्यस्थल में यौन– उत्पीड़न

xviii. महिलाओं को मातृत्व लाभ देने से इन्कार करना

xix. लिंग भेदभाव, जिसमें शिक्षा एवं कार्य में समान अधिकार शामिल है।

xx. महिला का अश्लील रूपण चित्रण

xxi. लिंग चयनित गर्भपात/मादा भ्रूण हत्या/गर्भवती महिला के गर्भाशय की जांच

xxii. महिला अधिकारों के प्रति अपमानजनक परंपरागत प्रथाएं अर्थात् सती प्रथा, देवदासी प्रथा और विच हंटिग

xxiii. महिलाओं को निःशुल्क कानूनी सहायता

2.8 वर्ष 2020–21 के दौरान, आयोग के शिकायत एवं जाँच प्रकोष्ठ ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली 26,513 शिकायतें/मामले दर्ज किए। वर्ष 2020–2021 के दौरान आयोग द्वारा दर्ज शिकायतों का राज्य–वार और प्रकृति–वार विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष 2020–2021 के दौरान प्राप्त शिकायतों का राज्य–वार ब्यौरा

क्रमांक	राज्य	कुल
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	2
2	आंध्र प्रदेश	179
3	अरुणाचल प्रदेश	7
4	असम	85
5	बिहार	1242
6	चंडीगढ़	55
7	छत्तीसगढ़	177
8	दादर नागर हवेली	11

क्रमांक	राज्य	कुल
9	दमन एवं दीव	1
10	दमन एवं दीव	4
11	दिल्ली	2971
12	गोवा	13
13	गुजरात	232
14	हरियाणा	1402
15	हिमाचल प्रदेश	113
16	जम्मू एवं कश्मीर	103
17	झारखंड	406
18	कर्नाटक	511
19	केरल	177
20	लक्षद्वीप	1
21	मध्य प्रदेश	985
22	महाराष्ट्र	1431
23	मणिपुर	7
24	मेघालय	9
25	मिजोरम	2
26	नागालैंड	1
27	उड़ीसा	156
28	पांडिचेरी	9
29	पंजाब	468
30	राजस्थान	1012
31	सिक्किम	3
32	तमिलनाडु	511
33	तेलंगाना	222
34	त्रिपुरा	9
35	उत्तर प्रदेश	13058
36	उत्तराखंड	431
37	पश्चिम बंगाल	507
	कुल	**26513**

वर्ष 2020–2021 के दौरान प्राप्त शिकायतों की प्रकृति–वार सूची

क्र.	प्रकृति	कुल
1	एसिड अटैक	9
2	द्विविवाह/बहुविवाह	181
3	महिलाओं के प्रति होने वाले साइबर अपराध	797
4	महिलाओं को मातृत्व लाभ से वंचित करना	87
5	दहेज हत्या	327
6	महिलाओं के लिए मुफ्त कानूनी सहायता	56
7	शिक्षा और काम के समान अधिकार में लिंग भेदभाव	17
8	विवाहित महिलाओं का उत्पीड़न/दहेज उत्पीड़न	4209
9	महिलाओं का अशोभनीय चित्रण	33
10	महिलाओं के शील का हनन/छेड़छाड़	1802
11	महिलाओं के खिलाफ पुलिस उदासीनता	1460
12	घरेलू हिंसा के खिलाफ महिलाओं की सुरक्षा	6049
13	बलात्कार/बलात्कार का प्रयास	1293
14	विवाह में चयन का अधिकार/मान–प्रतिष्ठा हेतु अपराध	479
15	गरिमा के साथ जीने का अधिकार	8688
16	लिंग चयनात्मक गर्भपात/कन्या भ्रूण हत्या/गर्भवती महिलाओं के गर्भाशय की जांच	17
17	यौन अपराध	93
18	यौन उत्पीड़न	480
19	कार्यस्थल में महिलाओं का यौन उत्पीड़न	216
20	पीछा करना/ताक–झांक	164
21	महिला अधिकारों के लिए पारंपरिक अपमानजनक प्रथा जैसे सती–प्रथा, देवदासी–प्रथा, चुडैल प्रथा	6
22	महिलाओं की तस्करी/वेश्यावृत्ति	42
23	तलाक की स्थिति में संतान के संरक्षण में महिलाओं का अधिकार	8
	कुल	**26513**

2.9 उपरोक्त विश्लेषण से पता चलता है कि अधिकांश शिकायतों का संबंध सम्मान के साथ जीने के अधिकार, विवाहित महिलाओं के उत्पीड़न/दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा और महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता से है। मामलों के पंजीकरण की शर्तों के अनुरूप सर्वाधिक

मामले निम्न तालिका में प्रदर्शित शीर्षस्थ दस श्रेणियों में आते हैं।

मुख्य दस वर्ग जिनमें शिकायतें दर्ज की गईं

क्र.	वर्ग	शिकायतों की संख्या
1	गरिमा के साथ जीवन यापन	8688
2	घरेलू हिंसा के खिलाफ महिलाओं की सुरक्षा	6049
3	दहेज उत्पीड़न/विवाहित महिलाओं के साथ क्रूरता	4209
4	महिलाओं के शील का हनन/छेड़छाड़	1802
5	महिलाओं के प्रति पुलिस उदासीनता	1460
6	बलात्कार/बलात्कार का प्रयास	1293
7	महिलाओं के विरूद्ध साइबर अपराध	797
8	यौन उत्पीड़न	480
9	विवाह में चयन का अधिकार/मान–सम्मान के लिए अपराध	479
10	दहेज हत्या	327

2.10 प्राप्त शिकायतों के आंकड़ों से पता चलता है कि उत्तरी राज्यों में शिकायतों की संख्या अधिक है। अधितकतम शिकायतों वाले दस राज्यों के नाम नीचे दिखाए गए हैं:

दस मुख्य राज्य जहां से सबसे अधिक शिकायतें पंजीकृत की गईं

क्र.	राज्य का नाम	शिकायतों की संख्या
1	उत्तर प्रदेश	13058
2	दिल्ली	2971
3	महाराष्ट्र	1431
4	हरियाणा	1402
5	बिहार	1242
6	राजस्थान	1012
7	मध्यप्रदेश	985
8	कर्नाटक	511
9	तमिलनाडु	511
10	पश्चिम बंगाल	507

2.11 कोविड–19 महामारी/लॉकडाउन के दौरान विशेष प्रयासः–

10 अप्रैल से 20 सितंबर, 2020 तक व्हाट्सएप नंबर (7217735372) शुरू होने के बाद से, घरेलू हिंसा की 1443 शिकायतें रिपोर्ट की गई और आयोग द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से शिकायतकर्ताओं/

पीड़ितों, पुलिस और अन्य अधिकारियों के समन्वय से पंजीकृत किए बिना ही निपटाया गया। इस व्हाट्सएप नंबर को घरेलू हिंसा की शिकायतें प्राप्त करने और उन्हें औपचारिक रूप से दर्ज करने के एक अतिरिक्त माध्यम के रूप में जारी रखा गया।

2.12 सोशल मीडिया के जरिए मिली शिकायतें

सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, ट्विटर आदि में महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित किसी भी शिकायत का मामला आयोग के शिकायत एवं जाँच प्रकोष्ठ के संज्ञान में आने पर, उन शिकायतों पर भी तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए पीड़ितों/अधिकारियों के साथ समन्वय करके कार्रवाई की जाती है। ये शिकायतें विभिन्न प्रकृति की हैं जैसे साइबर अपराध, पुलिस की उदासीनता, घरेलू हिंसा, महिलाओं को तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता आदि।

2.13 बुजुर्गों की मदद के लिए कार्य दल

देश में लॉकडाउन के कारण समस्याओं का सामना कर रहे बुजुर्गों (पुरुषों और महिलाओं दोनों) की सहायता के लिए आयोग ने एक विशेष कार्य बल का गठन किया जो बुजुर्गों की आवश्यकतानुसार किसी भी प्रकार की चिकित्सा सहायता, किराने की डिलीवरी, आवश्यक वस्तुएं या दवाएं उनके निवास स्थान में समय पर पहुँचा सकें। इस प्रकार के अनुरोध प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग ने विशेष रूप से समर्पित एक ईमेल helpatncw/gmail.com भी शुरु की। इस बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की वेबसाइट पर एक सार्वजनिक नोटिस भी प्रदर्शित किया गया। इसके लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल किया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा गठित कार्य दल ने दिन–रात काम किया और जरूरतमंद बुजुर्ग लोगों को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस अधिकारियों, प्रशासन, स्थानीय गैर सरकारी संगठनों आदि के साथ समन्वय किया। सहायता प्रदान करने के लिए कार्यदल ने ऑनलाइन किराना और मेडिकल स्टोर की एक सूची तैयार कर अपने पास रखी। 4 अप्रैल, 2020 को अपनी स्थापना के बाद से देश में अनलॉक 1 तक, कार्यदल ने पूरे देश में अपने समन्वय से इस प्रकार के लगभग 140 मामलों में सहायता प्रदान की।

2.14 राज्य के पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस प्रमुखों के साथ ई–बैठक

देश में महामारी की स्थिति और लॉकडाउन के दौरान अधिक प्रभावी और तत्काल तरीके से काम करने की रणनीति पर चर्चा करने के लिए 29 मई, 2020 को राज्य के पुलिस महा निरीक्षक/पुलिस प्रमुखों के साथ एक बैठक की गई। बैठक माननीय अध्यक्षा, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षता में हुई जिसमें 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पुलिस महा निरीक्षक/वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान, विभिन्न राज्य पुलिस अधिकारियों ने देश में कोविड–19 की महामारी और तालाबंदी के दौरान उनके द्वारा किए गए विभिन्न उपायों से आयोग को अवगत कराया, विशेष रूप से निम्नलिखित एजेंडा बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया:

(i) घरेलू हिंसा/दुर्व्यवहार पीड़ितों को तत्काल और समय पर राहत और सहायता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

(ii) महिलाओं के प्रति साइबर अपराध के बढ़ते मामलों से निपटने के तरीके निकाले गए।

(iii) कोविड–19 महामारी के कारण चिंता के ऐसे क्षेत्रों की पहचान करना जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों की घटनाओं को बढ़ा सकते थे जैसे अंतर–राज्यीय प्रवास आदि।

2.15 महिला जन सुनवाई

शिकायतों की संख्या में वृद्धि और उनके त्वरित और प्रभावी निपटान के लिए, अगस्त 2016 में, राष्ट्रीय महिला आयोग ने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण और पुलिस अधिकारियों के सहयोग से एक पायलट परियोजना 'महिला जन सुनवाई' शुरू की। हालांकि कोविड 19 महामारी के कारण महिला जन सुनवाई पर टिके रहना वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान मुश्किल हो गया। अतः अब इस परियोजना में संशोधन किया गया है और आयोग के अध्यक्ष/सदस्यों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुलिस अधिकारियों के समन्वय से ये महिला जनसुनवाई भी वेबेक्स के माध्यम से ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं।

वित्तीय वर्ष 2020–2021 के दौरान शिकायतों के निवारण में तेजी लाने के लिए 8 ऑनलाइन महिला जन सुनवाईयों का आयोजन किया गया है।

2.16 आयोग ने 15 जनवरी, 2021 को बलात्कार पीड़ितों के लिए व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर चर्चा करने के लिए परामर्श का आयोजन किया। परामर्श मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर विचारों और सुझावों के लिए आयोजित किया गया था। परामर्श में पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPR&D), राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA), दिल्ली पुलिस, महिलाओं एवं बच्चों के लिए विशेष इकाई (SPUWAC) के वरिष्ठ अधिकारियों और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

अध्याय 3

अनिवासी भारतीय विवाह से संबंधित मुद्दे

3.1 अनिवासी भारतीय शिकायतों का निवारण

अनिवासी भारतीय (एनआरआई) प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से पति और ससुराल वालों द्वारा पासपोर्ट की जब्ती, बच्चों की अभिरक्षा के मामलों, उत्तरदाताओं के देश छोड़ने की आशंका की शिकायतों, परित्याग, दहेज की मांग, विदेश मंत्रालय की योजना के तहत वित्तीय और कानूनी सहायता, विदेश में दस्तावेजों हेतु सहायता, पति के बारे में संबंधित जानकारी का अभाव और विदेश में पत्नी की उससे मिल पाने में असमर्थता से संबंधित है।

3.2 राष्ट्रीय महिला आयोग अप्रवासी भारतीय वैवाहिक मुद्दों के समाधान के लिए बड़े पैमाने पर विभिन्न मंत्रालयों के बीच एकीकृत/संसृत दृष्टिकोण अपनाता है। ऐसे मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए सभी मंत्रालयों/सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। एक निर्दिष्ट दिन पर आयोग के समक्ष अपने मामले पेश करने के लिए पार्टियों को बुलाकर तथ्यों का पता लगाने का भी प्रयास किया जाता है। ऐसे मामलों में, जहां मामला जांच के लिए लंबित है या शिकायत के संबंध में उचित कार्रवाई करने में संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई विफलता है तो कार्रवाई की गई रिपोर्ट की मांग के लिए मामले को संबंधित अधिकारियों के साथ उठाया जाता है। यदि आवश्यक हो तो समाधान खोजने में मदद करने के लिए संबंधित देशों में भारतीय दूतावासों/मिशनों को भी शिकायतें भेजी जाती हैं। पीड़ित को कानूनी और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेशों में भारतीय दूतावासों से संपर्क किया जाता है।

3.3 1 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 तक अप्रवासी भारतीय प्रकोष्ठ को 487 शिकायतें प्राप्त हुई हैं और आयोग ने सभी शिकायतों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस अवधि के दौरान आयोग ने बड़ी संख्या में पीड़ित महिलाओं को अप्रवासी भारतीय विवाह से संबंधित मामलों में न्याय दिलाने में सफलता प्राप्त की है। उदाहरणार्थ, इस प्रकार के एक मामले में शिकायतकर्ता ने अपने पति के साथ सुलह के लिए आयोग की सहायता मांगी थी, वह शिकायतकर्ता को भारत में छोड़कर यूएसए चला गया था। शिकायतकर्ता को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए आयोग ने वर्तमान मामले को भारत के महावाणिज्य दूतावास, सैन फ्रांसिस्को के समक्ष उठाया था। विभिन्न प्रयासों के बाद आयोग को सूचित किया गया कि शिकायतकर्ता ने अपने पति के साथ सुलह कर ली है।

अप्रवासी भारतीय प्रकोष्ठ को अप्रवासी भारतीय विवाह से संबंधित मुद्दों पर महिलाओं की शिकायतें देश भर से और विदेश में रहने वाले लोगों से भी प्राप्त होती हैं।

1 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 तक अप्रवासी भारतीय प्रकोष्ठ के साथ पंजीकृत शिकायतों के राज्य–वार विवरण निम्न तालिका में दिए गए हैं –

वित्तीय वर्ष 2020–2021 के दौरान पंजीकृत अनिवासी भारतीय मामले

राज्य	शिकायतों की संख्या
आंध्र प्रदेश	30
असम	01
बिहार	11
चंडीगढ़	08
छत्तीसगढ़	01
दिल्ली	54
गुजरात	21
हरियाणा	38
हिमाचल प्रदेश	05
जम्मू एवं कश्मीर	04
झारखंड	03
कर्नाटक	27
केरल	23
मध्य प्रदेश	04
महाराष्ट्र	42
मेघालय	01
उड़ीसा	06
पांडिचेरी	03
पंजाब	66
राजस्थान	10
तमिलनाडु	31
तेलंगाना	45
उत्तर प्रदेश	43
उत्तराखंड	06
पश्चिम बंगाल	05
कुल	487

अध्याय 4

घटनाओं/मामलों का स्वतः संज्ञान

4.1 राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10 (1)(एफ) के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं मीडिया रिपोर्ट के आधार पर निम्न मामलों में स्वतः संज्ञान लेता है;

i महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन;

ii महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाए गए कानूनों के गैर–कार्यान्वयन की ओर ध्यान देना और समानता और विकास के उद्देश्य को प्राप्त करना

iii महिलाओं की कठिनाईयों को दूर करने एवं उनका कल्याण सुनिश्चित करने तथा उन्हें राहत प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए गए नीति निर्णयों, मार्गनिर्देशों या अनुदेशों के गैर–कार्यान्वयन के मामले :

स्वतःसंज्ञान में लिए गए मामलों की संख्या
252

4.2. अप्रैल, 2020 से मार्च 2021 तक रा.म.आ. द्वारा लिए गए प्रमुख स्वतः संज्ञान मामलों का संक्षिप्त विवरण :–

- फेसबुक पोस्ट जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि गोवा के पोरवोरिम में कुछ पूर्वोत्तर लड़कियों पर एक महिला द्वारा बेरहमी से हमला किया गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। आयोग ने गोवा पुलिस से संपर्क किया और पुलिस ने सूचित किया है कि मामला एफआईआर संख्या 57/2020, धारा 188, 323, 324, 504, 506 (ii), भारतीय दंड संहिता की धारा 34 के अनुसार, 24/04/2020 को दर्ज किया गया और मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है।

- फेसबुक पोस्ट जिसमें यह कहा गया था कि मुंबई के कलिना बाजार इलाके में एक मणिपुरी लड़की के साथ कुछ बदमाशों ने अशिष्ट व्यवहार किया।

  मामले की सूचना वकोला पुलिस स्टेशन को दी गई और शिकायत पर, एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की सीआर संख्या 149/2020 धारा 210, 352 के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच की गई और सीसीटीवी फुटेज और जमीनी खुफिया जानकारी की जांच के बाद आरोपी को 17 अप्रैल, 2020 को उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया।

- मीडिया रिपोर्ट शीर्षक "एम्स के डॉक्टर ने जातिवादी, लिंगवादी उत्पीड़न पर आत्महत्या का प्रयास किया, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन(आरडीए) ने निष्क्रियता पर स्वास्थ्य मंत्री

को लिखा" जिसमें यह बताया गया था कि एम्स, दिल्ली में एक डेंटल सर्जन ने वरिष्ठ संकाय सदस्यों द्वारा लिंग और जाति–आधारित उत्पीड़न के कारण कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया था। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोग को सूचित किया गया है कि निदेशक, एम्स ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है जो इस घटना की समग्रता से जांच करेगी और 18.04.2020 को डॉक्टर द्वारा अवसाद का इलाज करने के लिए उपयोग की जाने वाली दवा की ओवरडोज़ द्वारा जीवन को समाप्त करने के प्रयास से संबंधित रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करेगी।

- एक ट्वीट के साथ जुड़े वीडियो में देखा गया कि सिविल अस्पताल, सूरत में काम करने वाली एक महिला डॉक्टर को एक आदमी परेशान कर रहा और गाली दे रहा है जो उसका पड़ोसी भी है। आयोग ने इस मामले को सूरत पुलिस के सामने उठाया था, इसके बाद पुलिस डॉक्टर के पास गई और शिकायत दर्ज कराने के लिए उसकी काउंसलिंग की। हालांकि, उसने शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया लेकिन घटना की सूचना देते हुए एक आवेदन दिया। पुलिस ने आवेदन के आधार पर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 और 151 के तहत कार्रवाई की। उसने प्रतिवादियों के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से मामला सुलझा लिया था और पुलिस सुरक्षा के लिए मना कर दिया था।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को एक मीडिया रिपोर्ट मिली थी जिसका शीर्षक था "लॉकडाउन के बीच भोपाल में 53 वर्षीय बैंक प्रबंधक के साथ कथित तौर पर बलात्कार" जिसमें यह बताया गया था कि भोपाल के पॉश शाहपुरा इलाके में शुक्रवार तड़के एक अज्ञात व्यक्ति ने एक राज्य संचालित बैंक की 53 वर्षीय दृष्टिबाधित प्रबंधक के साथ उसके फ्लैट के अंदर कथित तौर पर बलात्कार किया। मामले को रा.म.आ द्वारा आगे बढ़ाया गया और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत में आरोप पत्र दायर किया।

- राष्ट्रीय महिला आयोग ने ट्विटर पर एक ट्वीट का संज्ञान लिया जिसमें वीडियो भी संलग्न था। वीडियो में यह देखा गया कि बिहार की मूल निवासी एक महिला मदद के लिए रो रही थी क्योंकि उस पर और उसकी मां पर हमला किया गया था और कुछ उपद्रवियों ने उनके घर को क्षतिग्रस्त कर दिया था।सिलीगुड़ी–पुलिस द्वारा सूचित किया गया कि मीडिया रिपोर्ट आरोप झूठा था और पड़ोसी के बीच कचरा डंपिंग के मुद्दे पर विवाद था।

- एक मीडिया रिपोर्ट शीर्षक "बिहार सामूहिक बलात्कार का मामलाः बयान दर्ज करते समय महिला ने 'दुर्व्यवहार' के लिए मामला दर्ज किया" और आयोग ने पटना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के हस्तक्षेप का अनुरोध किया। आयोग को महापंजीयक, पटना उच्च न्यायालय से जवाब मिला कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना ने इस मुद्दे पर संज्ञान लिया है, और अब मामला माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को एक सीसीटीवी फुटेज के साथ एक ट्विटर पोस्ट मिली है जिसमें यह देखा गया है कि आंध्र प्रदेश पर्यटन विभाग के एक उप प्रबंधक द्वारा एक

दिव्यांग महिला को बेरहमी से पीटा गया। बताया गया कि पुलिस ने बहुत तत्परता से कार्रवाई करते हुए उचित जांच की और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 324/355/354/509/506 और विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 92 (ए) और 92 (बी) के तहत न्यायालय में आरोप पत्र दायर किया गया है।

- गुजरात के बड़ौदा के शुभम मिश्रा के वीडियो के संबंध में कई ट्विटर पोस्ट में राष्ट्रीय महिला आयोग को टैग किया गया था, जिसमें उन्हें एक महिला कॉमेडियन को गालियां देते और खुले तौर पर बलात्कार की धमकी देते हुए सुना गया था। आयोग ने इस मामले को गुजरात पुलिस के सामने उठाया और अपराधी को गिरफ्तार कर लिया और अपराधी ने सोशल मीडिया पर माफी भी मांगी.

- मीडिया रिपोर्ट का शीर्षक "मुंबईः नौ महीने की गर्भवती, नालासोपारा महिला, जो कोरोना वायरस से मर गई को चार अस्पतालों में ले जाया गया था" एक गर्भवती महिला के बारे में जिसका पति उसे नालासोपारा और मुंबई के बीच 70 किलोमीटर की दूरी पर चार अस्पतालों में ले गया परन्तु अस्पतालों ने कथित तौर उसका इलाज करने से इनकार कर दिया। अन्ततः सांस नहीं ले पाने के कारण वह मर गई थी।

- तत्पश्चात्, आयोग ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार से गैर–कोविड–19 एम्बुलेंस सेवाओं को सुनिश्चित करने, गर्भवती महिलाओं के लिए अलग बिस्तरों के आबंटन और महिलाओं एवं उनके नवजात शिशु के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को एक ट्विटर पोस्ट में टैग किया गया था, जिसमें एक कंटेंट क्रिएटर का टिकटॉक वीडियो था और वह बदला लेने के लिए लड़कियों और महिलाओं पर तेजाब हमले को बढ़ावा देता नजर आया था। आयोग ने इस मामले को महाराष्ट्र पुलिस और टिकटॉक इंडिया के समक्ष उठाया। जवाब में, टिकटोक इंडिया ने सूचित किया था कि रा.म.आ. द्वारा चिह्नित सभी सामग्री पर कार्रवाई की गई और उसे उनके मंच से हटा दिया गया है। अकाउंट भी सस्पेंड कर दिया गया है।

  आयोग ने भारत सरकार के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से डी.ओ. पत्र दिनांक 22/05/2020 द्वारा अनुशंसा की है कि भारत में टिकटॉक पर रोक(बैन) लगाया जाए क्योंकि आयोग को भी ट्विटर पर रोक के लिए कई अनुरोध/टिप्पणियाँ मिली हैं।

- महाराष्ट्र के बीड जिले की एक 30 वर्षीय महिला, जिसके साथ 2015 में सामूहिक बलात्कार हुआ था, ने आरोप लगाया है कि उसकी ग्राम पंचायत ने उसे भगाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था और निवासियों द्वारा उसे जगह छोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा था। आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया और पुलिस महानिरीक्षक, महाराष्ट्र को अपने पत्र दिनांक 04.01.2021 द्वारा मामले की जांच करने और कानून के प्रासंगिक प्रावधान के अनुसार उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस ने शिकायतकर्ता को सुरक्षा प्रदान की, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 के तहत जांच शुरू की गई।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को अशोक एक्सप्रेस का पत्र दिनांकित 23/01/2020 तथा समदर्शन हिंदी समाचार पत्र के साथ मीडिया रिपोर्ट "नांगलोई पुलिस से पीडित महिला की कमिश्नर से गुहार" प्राप्त हुई जिसमें यह बताया गया है कि दिल्ली के नांगलोई इलाके में एक कपड़े की दुकान चला रही एक महिला पर इमारत के मालिक ने हमला किया। महिला ने 100 नम्बर पर डायल किया परन्तु सब इंस्पेक्टर ने कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की। उन्होंने इस संबंध में उच्च पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई। आयोग के हस्तक्षेप के बाद पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को "यूपी के शाहजहाँपुर में अधजली हालत में मिली छात्रा" शीर्षक वाली एक मीडिया रिपोर्ट मिली थी, जो 24/02/2021 को नवभारत टाइम्स में छपी थी जिसमें यह बताया गया था कि कॉलेज से लापता एक लड़की उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर, हाईवे पर गंभीर रूप से जली हुई पाई गई। आयोग ने उप महानिदेशक, उ.प्र को मामले में तत्काल कार्रवाई करने और की गई कार्रवाई रिपोर्ट से आयोग को अवगत कराने के लिए सूचित किया।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को एक ट्विटर पोस्ट में टैग किया गया था जिसमें एक महिला का वीडियो संलग्न है जिसमें बिहार के दरभंगा जिले में भीड़ को उसके घर से घसीटते और उसका सिर मुंडवाते देखा गया था, जब उसके बेटे ने भागकर एक लड़की से शादी कर ली। महिला की सुरक्षा हेतु सुरक्षा– निकाय होने के नाते आयोग परेशान हुआ और महिला के खिलाफ किए गए अस्वीकार्य दुर्व्यवहार के प्रति कानून के अनुरूप मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को एक मीडिया रिपोर्ट मिली थी जिसका शीर्षक था "यूपी में परिवार द्वारा महिला को अलग धर्म के पुरुष से प्यार करने के लिए जिंदा जला दिया गया" जो मिलेनियम पोस्ट दिनांक 16/02/2020 में छपी थी जिसमें यह बताया गया था कि मान–सम्मान के लिए अपराध (ऑनर किलिंग) के एक संदिग्ध मामले में एक महिला को उसके परिवार के सदस्यों ने आपसी प्रेम संबंध के मामले में उसे जिंदा जला दिया था। आयोग ने उत्तर प्रदेश पुलिस से घटना के लिए जिम्मेदार आरोपियों के प्रति आवश्यक कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की है।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को एक मीडिया रिपोर्ट मिली जिसका शीर्षक था "बंधक बना कर किया दुष्कर्म" जो राजस्थान पत्रिका दिनांक 16/02/2021 में छपी थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी द्वारा एक महिला के साथ बलात्कार किया गया था। इसके अलावा, यह आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने पीड़िता को ब्लैक मेल किया और उसके पैसे वापस नहीं कर रहा था। आयोग ने तुरंत मामले का संज्ञान लिया और तदनुसार संबंधित पुलिस को मामले में कार्रवाई करने और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट से आयोग को अवगत कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को ट्विटर पोस्ट में एक वीडियो के साथ टैग किया गया था जिसमें यह देखा गया था कि मध्य प्रदेश के गुना जिले में एक आदिवासी महिला को उसके पति के परिवार के सदस्यों में से एक को अपने कंधों पर उठाकर तीन किलोमीटर तक चलने के लिए परेशान किया गया था। इसके अलावा, कई दृश्यों में महिला को लाठी और क्रिकेट के बल्ले चलाते हुए ग्रामीणों के साथ उसके पीछे चलते हुए दिखाया गया है। आयोग ने तुरंत राज्य की संबंधित पुलिस को मामले में उचित कार्रवाई करने और आयोग को इसके बारे में अवगत कराने का निर्देश दिया।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को एक ट्विटर पोस्ट में टैग किया गया है जिसमें एक बुजुर्ग महिला, उसके बेटे रणबीर और उसकी पत्नी के बीच तीखी नोकझोंक हुई। बहस के दौरान, रणबीर ने गुस्से में आकर अपनी बुजुर्ग मां को थप्पड़ मार दिया, जिससे वह जमीन पर गिर गई। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। आयोग ने राज्य के संबंधित पुलिस महानिरीक्षक को पोस्ट की जानकारी दी और आरोपित को गिरफ्तार कर समयबद्ध तरीके से निष्पक्ष जांच करने का निर्देश दिया।

- रा.म.आ. को श्री संतोष कुमार मौर्य, निवासी के 67, 57 ईश्वर गंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश की एक ऑनलाइन शिकायत याचिका प्राप्त हुई, जिसमें एक मीडिया रिपोर्ट संलग्न थी। कैप्शन दिया गया था "पंजाब में बंधक बनाकर युवती से नौ माह तक सामूहिक दुष्कर्म, शिअद नेता व तीन पुलिसकर्मियों पर लगे आरोप" जो जागरण डॉट कॉम में प्रकाशित थी, आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया और तदनुसार मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए संबंधित पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को एक बलात्कार पीड़िता के संबंध में एक मीडिया रिपोर्ट मिली थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि जांच अधिकारी ने पहले रिश्वत की मांग की, बाद में उसे परेशान करना और शारीरिक संबंधों की मांग करना शुरू कर दिया। तत्पश्चात्, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अधिकारी को गिरफ्तार किया। आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया और तदनुसार संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को एक मीडिया रिपोर्ट मिली थी जिसका शीर्षक था "झारखंडः: नर्सिंग छात्राओं से बंद कमरे में गंदा काम... प्राइवेट पार्ट छूकर किया सहनशक्ति टेस्ट. .."जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि एक निदेशक, गैर सरकारी संगठन जो नर्स ट्रेनिंग सेंटर चलाता है ने टॉलरेंस टेस्ट के बहाने लड़कियों से कथित तौर पर छेड़छाड़ की थी। आयोग के हस्तक्षेप के बाद मामले में आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की गई।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को एक मीडिया रिपोर्ट मिली जिसका शीर्षक था "एएसआई ने रिपोर्ट दर्ज़ करवाने आई महिला से थाने में किया रेप" जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि एक महिला 2 मार्च, 2021 को अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने गई थी, तब अलवर में पुलिस थाने के परिसर के अंदर कथित तौर पर उसे एक कमरे में

बंद कर बार–बार बलात्कार किया गया। आयोग ने पुलिस अधिकारी द्वारा महिलाओं के साथ कथित अपराध की कड़ी निंदा की और इस मामले के आरोपी पुलिस अधिकारी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को एक मीडिया रिपोर्ट के साथ एक ट्विटर पोस्ट में टैग किया गया है जिसका शीर्षक है "कैमरे से पकड़ी गई नैतिक नीतियों की निगरानीः लड़की को परेशान किया गया, एक सुनसान जगह पर पुरुष मित्र के साथ बैठने के लिए दुर्व्यवहार किया गया" एक लड़की के बारे में जिसे बिहार में पुरुषों के आरोपी समूह ने कथित तौर पर लड़की को शर्मसार किया और जबरन उसका वीडियो बनाया। उसके दोस्त को गाली दी गई क्योंकि उन्होंने उनसे अनुरोध किया था कि लड़की को जाने दिया जाए। आयोग ने बिहार पुलिस को इस मामले में उचित कार्रवाई करने और आयोग को इसके बारे में अवगत कराने का निर्देश दिया।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को एक ट्विटर पोस्ट मिली, जिसमें मध्य प्रदेश के देवास शहर के बारे में यूट्यूब पर आईबीसी 24 चैनल की खबर को एक वीडियो के साथ संलग्न किया गया था जिसमें यह देखा गया था कि पुलिस अधिकारी उत्तर प्रदेश के जौनपुर में दलित परिवार के पुरुषों और महिलाओं के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। आयोग ने राज्य के संबंधित पुलिस अधिकारियों को मामले में आवश्यक और तत्काल कार्रवाई करने और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट के साथ आयोग को सूचित करने का निर्देश दिया।

- राष्ट्रीय महिला आयोग ने 20/02/2021 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित "खरगोनः गार्ड ने महिला को अस्पताल से घसीटकर निकाला, कहा मानसिक रोगी है" शीर्षक वाली एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया जिसमें यह बताया गया कि कथित रूप से एक महिला को खरगोन में जिला अस्पताल के गेट से करीब 300 मीटर तक घसीटा गया।

अध्याय 5

नीति, निगरानी एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ

5.1 राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10 के अंतर्गत जारी अधिदेश के अनुपालन हेतु आयोग, प्रत्येक वर्ष, वर्तमान मुद्दों से संबंधित लिंग आधृत विषयों पर सेमिनार, वेबिनार, सम्मेलन, कार्यशालाओं और अनुसंधान अध्ययन के लिए सरकार, अर्ध सरकारी संगठनों, विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक और अनुसंधान संगठनों आदि की सहभागिता से कार्य करता है।

5.2 अधिदेश के अनुपालनार्थ, आयोग ने वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान ऑनलाइन अनुसंधान और वेबिनार प्रस्तावों को आमंत्रित करने के लिए मई–जून, 2020 के महीने के दौरान सार्वजनिक नोटिस जारी किया। ऑनलाइन प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 सितंबर 2020 रखा गया। आयोग को शोध अध्ययन के लिए 251 प्रस्ताव और वेबिनार के लिए 1225 प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रस्तावों की जांच के बाद वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान आयोग ने वित्त पोषण के लिए 18 शोध अध्ययन और 98 वेबिनार को मंजूरी दी।

5.3 आयोग द्वारा प्रायोजित वेबिनार एवं शोध–अध्ययनों की सूची (संलग्नक IV एवं V) संलग्न है। वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए स्वीकृत विषय हैं:

i. प्रवासी महिला मजदूर

ii. महिलाओं के सामने आने वाली मानसिक–स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं

iii. घरेलू हिंसा

iv. साइबर सुरक्षा और साइबर स्पेस में महिलाओं के सामने आने वाले खतरे

5.4 वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान पूरे किए गए शोध अध्ययनों से प्राप्त निष्कर्ष और सिफारिशों के विवरण नीचे दिए गए हैं:

I. जेपियार इंजीनियरिंग कॉलेज, प्रबंधन अध्ययन विभाग, राजीव गांधी सलाई, चेन्नई, तमिलनाडु द्वारा तमिलनाडु और पांडिचेरी में निजी क्षेत्रों में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन पर अध्ययन

- केंद्र सरकार को चाहिए कि राज्य सरकार, संगठनों और व्यक्तिगत कार्यकर्ताओं जैसे सभी स्तरों पर अधिनियम के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रयास करे।
- देश में जागरूकता कार्यक्रम की श्रृंखला चलाने के लिए केंद्र सरकार को चाहिए कि निधि का अंशदान करे। अभियान–श्रृंखला, ऑनलाइन ट्यूटोरियल, संदेश, प्रशिक्षण मॉड्यूल आदि के माध्यम से कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 विषयक जानकारी सार्वजनिक कर पाने में केंद्र सरकार की बहुत बड़ी भूमिका है।

- कर्मचारियों, नियोक्ताओं और समिति के सदस्यों को यौन उत्पीड़न के व्यवहार और उससे जुड़े मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। कामकाजी महिलाओं को भी कानून के नियमों और उनके कानूनी अधिकारों की सीमा के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए।
- केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उच्च शक्ति सतर्कता और निगरानी समिति का गठन करे, जो राज्य सरकारों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए कैलेंडर वर्ष में कम से कम दो बार बैठक करेगी।
- कामकाजी महिलाओं के कानूनी अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए मुफ्त कानूनी सेवा उपलब्ध कराई जा सकती है।
- राष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान परिदृश्य को बेहतर ढंग से समझने के लिए सरकार इस मुद्दे पर अधिक प्रशिक्षण, संगोष्ठी और व्यापक शोध गतिविधियों के लिए राशि दे सकती है।
- राज्य को चाहिए कि आंतरिक समिति की वार्षिक रिपोर्ट एकत्र करने और अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन के लिए संगठन की जांच करने के लिए एक निर्दिष्ट प्राधिकरण का निर्माण करे।
- राज्य सरकार को अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस गतिविधि के लिए जिला स्तरीय निगरानी एवं समीक्षा समिति का गठन किया जा सकता है। समीक्षा निकाय और निगरानी निकाय को अधिक शक्तियों, उचित स्थिति एवं वित्तीय और कर्मचारी सहायता से मजबूत किया जाना चाहिए।

II. क्रिश्चियन एजेंसी फॉर रूरल डेवलपमेंट (CARD) द्वारा वायनाड जिले में पुलपल्ली ग्रामपंचायत के विशेष संदर्भ में आदिवासी महिलाओं के बीच पोषण संबंधी मुद्दों का आकलन।

- स्व–उद्यमशीलता, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि आदि के लिए आदिवासी महिलाओं के आजीविका विकास जैसे विभिन्न कार्यों के लिए केंद्र सरकार को और अधिक सहायता देनी चाहिए।
- स्कूल छोड़ने से बचाने, समय पर पौष्टिक भोजन प्राप्त करने और आदिवासी महिलाओं के बीच सामान्य स्तर का मनोसामाजिक विकास करने के लिए अधिक आदिवासी छात्रावासों की स्थापना या क्षेत्र में इसके विस्तार के लिए राज्य सरकार का समर्थन करना।
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) द्वारा वितरित विभिन्न रियायती खाद्य सामग्री की खपत सुनिश्चित करें। आदिवासी बच्चों/महिलाओं को स्कूलों और आईसीडीसी के मध्याह्न भोजन कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
- कुपोषण या कम वजन, प्रजनन और मासिक धर्म स्वास्थ्य, इलाज योग्य और लाइलाज बीमारियों आदि पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन और अनुवर्ती कार्रवाई की जाए।
- बच्चों की संसद, क्लब, सांस्कृतिक विकास केंद्र और वृद्ध महिलाओं के लिए डे केयर जैसे

अधिक मनो–सामाजिक अनुकूल कार्यक्रमों की स्थापना।

- पौष्टिक खाद्य पदार्थों की खेती और खपत को बढ़ावा देना जैसे कि बाजरा, फुट याम, विभिन्न सब्जियां आदि।
- अध्ययन क्षेत्र में आदिवासी महिलाओं के बीच पोषण और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए आशा/जेपीएचएन कार्यकर्ताओं की अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।

III. आर्थिक विकास निगरानी संस्थान द्वारा **"सीमांत समुदायों पर विशेष ध्यान देते हुए केरल में महिलाओं के भूमि–अधिकारों"** पर एक अध्ययन प्रस्तुत किया गया।

- संघ सरकार को उचित नीति बनाने के लिए महिलाओं की भूमि के स्वामित्व पर लिंग–वार डेटा एकत्र करने के उद्देश्य से एक नीति तैयार करनी चाहिए ए) ग्रामीण क्षेत्रों में रियासती–भूमि के स्वामित्व पर डेटा कैप्चर करना।
- पति और पत्नी के एकल स्वामित्व में संयुक्त स्वामित्व को परिवर्तित करने के मामले में स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क के भुगतान से छूट देने के लिए भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 और भारतीय पंजीकरण अधिनियम 1908 में संशोधन करने की तत्काल आवश्यकता है। केंद्र सरकार को अधिनियम में संशोधन के लिए कदम उठाने चाहिए।
- जेंडर बजटिंग को अपनाना और ग्रामीण निवेश मॉडल के लिए आवश्यक बजटीय सहायता प्रदान करना।
- सरकारें नीतिगत बदलावों के लिए प्रतिबद्ध हो सकती हैं जो जल–संग्रहण खेती के तरीकों और अन्य छोटे पैमाने पर जल प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देती हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे पैमाने पर खेती को अनुकूलित किया जा सके।
- महिलाओं को आधुनिक कृषि पद्धतियों और उत्पादकता में सुधार के तरीकों (राज्य कृषि विभाग) में प्रशिक्षण दिया जा सकता है। कृषि और संबंधित गतिविधियों में महिला उद्यमियों को अवार्ड देने की व्यवस्था की जा सकती है। (राज्य कृषि विभाग)।
- नागरिक समाज और मानवाधिकार संगठनों को उनके उत्थान के लिए ग्रामीण महिलाओं और उनके प्रतिनिधि संगठनों (राज्य मानवाधिकार संगठन) के साथ मिलकर काम करना चाहिए। स्थानीय सरकारों को महिला कृषकों और भूमिहीन महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं पर सतर्क रहना चाहिए।
- ग्रामीण बैंकों को निर्देश दिया जाए कि वे महिला कृषकों को भूमि पर उनके अधिकारों पर ध्यान दिए बिना ब्याज मुक्त/रियायती ब्याज ऋण प्रदान करें। (बैंकों की राज्य स्तरीय समन्वय समिति)।
- सरकार द्वारा आबंटित सभी भूमि और आवास विवाहित जोड़ों या व्यक्तिगत रूप से महिलाओं के संयुक्त नाम पर दिए जाने की आवश्यकता वाले कानून को अपनाएं।

- वैवाहिक संपत्ति के सह–स्वामित्व की अवधारणा को अपनाने पर विचार करें, जो दोनों पति–पत्नी को विवाह के दौरान अर्जित संपत्ति पर समान अधिकार प्रदान करेगा।
- विवाह में प्राप्त सभी उपहार और नकद विवाहित जोड़े के संयुक्त स्वामित्व के रूप में माने जाएं, भले ही नकद या उपहार विशेष रूप से किसी एक को दिया गया हो।

IV. केंद्रीय विश्वविद्यालय गुजराज, गांधीनगर द्वारा प्रस्तुत "अंडरस्टैंडिंग जेंडर, कास्ट एंड द सिम्बोलिक इकोनॉमिक्स ऑफ वायलेंसः ए स्टडी इन द बुद्ध डिस्ट्रिक्ट ऑफ ओडिशा" रिपोर्टः

- मातृत्व लाभ योजनाओं के माध्यम से गरीब आर्थिक पृष्ठभूमि की नवजात माताओं को राज्य द्वारा प्रदान की जाने वाली नकद सहायता प्रसवोत्तर अवधि के दौरान महिलाओं को उनके स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है।
- महिलाओं की वैवाहिक स्थिति को आशा के पद के लिए उम्मीदवारों की पात्रता के मानदंड के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।
- राज्य को आईसीडीएस परियोजनाओं के माध्यम से विशेष परिपत्र लाने की आवश्यकता है कि आंगनबाड़ियों के सभी बच्चों को उनकी जाति की स्थिति के बावजूद, आंगनवाड़ी केंद्र में ही भोजन परोसा जाना चाहिए। आंगनवाड़ी में जातिगत भेदभाव को किसी भी रूप में प्रोत्साहित या सहन नहीं किया जाना चाहिए।
- ओडिशा राज्य को अंतर–जाति जोड़ों को सम्मानित करने और अंतर–जाति जोड़ों को कुछ टोकन उपहार देने के कार्यक्रम शुरू करने की आवश्यकता है, ताकि अंतर–जातीय विवाह से संबंधित कलंक कम से कम हो और बाद में गायब हो जाए।
- भाग जाने के मामले में लड़कों को गिरफ्तार करने से पहले गहन जांच की जानी चाहिए और भाग जाने वाले जोड़ों के मामले में झूठे मामले दर्ज करने से बचना चाहिए।
- राज्य को आश्रय गृह के भीतर इस तरह की जाति प्रथा को रोकने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। आश्रय गृह के भीतर जाति आधारित पृथक कमरों के स्थान पर मिश्रित जाति आधारित निवास को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।
- स्थानीय स्तर पर स्कूलों, कॉलेजों, स्थानीय निकायों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी सहायिकाओं, आशा और अन्य संस्थाओं को ध्यान में रखते हुए लिंग और जाति संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित करने में राज्य द्वारा पहल किए जाने की आवश्यकता है।

अध्याय 6

महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ

6.1 राष्ट्रीय महिला आयोग ने टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS) और दिल्ली पुलिस के सहयोग से हिंसा की शिकार महिलाओं की मदद के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। इस परियोजना में जिला मुख्यालय में हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए मनोचिकित्सकीय–कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित सामाजिक कार्यकर्ताओं की नियुक्ति शामिल है। दिल्ली पुलिस जिलों के विभिन्न पुलिस थानों से जुड़ी महिलाओं के खिलाफ अपराध (सीएडब्ल्यू) प्रकोष्ठों में 17 सामाजिक कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। इन प्रकोष्ठों के कार्य की प्रगति की निगरानी टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS) द्वारा की जाती है और आयोग द्वारा इसकी समीक्षा भी की जाती है।

6.2 राष्ट्रीय महिला आयोग टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान के सहयोग से महिलाओं की सहायता के लिए विशेष प्रकोष्ठ पर आधारित एक अन्य परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है; जिसमें 7 राज्य बिहार, असम, मेघालय, पंजाब, मध्य प्रदेश, ओडिशा और तमिलनाडु राज्यों के कुल 22 जिले शामिल हैं। यह परियोजना घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए सहायता तंत्र को बढ़ावा देती है और पुलिस/आपराधिक न्याय प्रणाली के भीतर एक व्यवस्थित शिकायत निवारण तंत्र का निर्माण करती है। परियोजना को जारी रखने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग और टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान के बीच समझौता ज्ञापन पायलट परियोजना को 31 मार्च, 2021 तक बढ़ा दिया गया है।

6.2.1 टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान कार्यक्रम के तहत कार्यरत विशेष प्रकोष्ठ के मूल उद्देश्य थे:

1. महिलाओं के आत्म–सम्मान, आत्म–निष्ठा और गरिमा का पुनर्निर्माण करें।
2. निम्न सेवाएं तत्काल प्रदान करें:
   - ✓ मानसिक आघात एवं क्षति में परामर्श देकर सहायता प्रदान करना;
   - ✓ चिकित्सा, मनश्चिकित्सीय, शैक्षिक और व्यावसायिक सेवाओं के लिए रेफरल;
   - ✓ पुलिस सहायता का उपयोग करना;
   - ✓ सहायक/सेवा प्रदान करने वाले संस्थानों में नियुक्ति;
   - ✓ कानूनी जानकारी, सहायता और उपादान।
3. महिलाओं और बच्चों के लिए पुलिस और संगठनों के बीच संपर्क।
4. महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अत्याचारों पर महिलाओं, व्यावसायिक समूहों और आम जनता के बीच महत्वपूर्ण जागरूकता पैदा करना।
5. आलोचनात्मक समीक्षा और चिंतन के लिए विशेष प्रकोष्ठ के कार्य का दस्तावेजीकरण, और

6. महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर प्रशिक्षण, कार्यक्रम और नीति के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं और पुलिस कर्मियों के लिए विशेष रूप से सामग्री विकसित करना।

6.2.2 अंतःक्षेप के परिणामः

विशेष प्रकोष्ठ दीर्घकालिक बीच–बचाव प्रदान करता है और हिंसा की व्यापकता को देखते हुए परिणामों को सरल दृष्टिकोण से देखना संभव नहीं है। हालांकि, यह विशेष प्रकोष्ठ द्वारा किए गए कार्यों और महिलाओं की अपेक्षाओं का संकेत भी हो सकता है। विशेष प्रकोष्ठ के निगरानी संकेतकों के आधार पर पीड़ित महिलाओं को भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता प्रदान की गई है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने महिला के लिए सहायक प्रणाली का निर्माण किया है और हितधारकों के साथ उसके जन्म के परिवार, वैवाहिक परिवार और समुदाय में बीच–बचाव कर अहिंसक व्यवहार के लिए बातचीत की है। उन्होंने महिला के स्त्रीधन को वापस देने, संपत्ति तक पहुंच, रखरखाव आदि के लिए बातचीत करके वित्तीय अधिकारों की भी वकालत की है।

6.2.3 सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कानूनी जानकारी और मुकदमेबाजी पूर्व परामर्श भी प्रदान किया है। यह महत्वपूर्ण है कि महिलाओं को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी हो ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह जब चाहें कानूनी प्रणाली का उपयोग करने में सक्षम हैं। इसी तरह समाजसेवियों ने जरूरत पड़ने पर महिला को प्राथमिकी दर्ज कराने में मदद कर पुलिस की मदद ली।

उपर्युक्त एमओयू के तहत, राज्य पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और संबंधित राज्य महिला आयोग के समन्वय से जून 2016 से महिलाओं के लिए 7 राज्यों में 21 पायलट यूनिट स्पेशल सेल की स्थापना की गई है, जिसमें असम और मेघालय (प्रत्येक में 1), बिहार और मध्य प्रदेश (प्रत्येक में 5), पंजाब (3) और तमिलनाडु (4) और ओडिशा (2) शामिल हैं। एमओयू का उद्देश्य है कि 7 राज्यों के सभी जिलों में स्थित प्रकोष्ठों का विस्तार कर उन्हें संस्था के रूप में परिणत किया जाए,यह प्रस्ताव राज्य कार्यक्रम के रूप में संबंधित राज्य विभागों को प्रस्तुत किया गया।

6.2.4 RCIVAW (महिलाओं के प्रति हिंसा की रोकथाम के लिए संसाधन केंद्र) के समन्वयकों और वरिष्ठ टीम के सदस्यों द्वारा नियमित अनुवर्ती कार्रवाई की गई थी और आयोग ने इस प्रक्रिया में आवश्यक सहायता की सुविधा प्रदान की और फरवरी 2019 में संबंधित राज्यों के निर्णय निर्माताओं को सिफारिश पत्र भी भेजे। देश भर में कोविड–19 और लॉकडाउन की स्थिति के बावजूद, पंजाब और बिहार ने स्पेशल सेल का काम अपने हाथ में ले लिया था, जबकि असम और ओडिशा फंडिंग के विकल्प तलाश रहे थे। परियोजना अवधि के दौरान मार्च 2021 तक प्रकोष्ठों ने पंजीकृत आवेदनों के माध्यम से प्राप्त 21,953 (व्यक्तिगत एवं परिवारिक(15,454) और 6499 वन–टाइम हस्तक्षेप) आवेदनों का जवाब दिया।

6.3 इसी तरह, मार्च, 2021 में राष्ट्रीय महिला आयोग ने टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS), मुंबई के साथ एक पायलट प्रोजेक्ट "हिंसा मुक्त घरः एक महिला का अधिकार– जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख", के केंद्र शासित प्रदेशों में 12 पायलट स्पेशल सेल" शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जो शुरू में 31.03.2023 तक वैध है। (जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख में हिंसा मुक्त गृह परियोजना की अद्यतन स्थिति)

6.4 दोनों परियोजनाओं "हिंसा मुक्त घरः एक महिला का अधिकार– 7 राज्य और दिल्ली पायलट प्रोजेक्ट की स्थिति और परिणाम की समीक्षा के लिए 18 फरवरी, 2021 को टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS) और सहायक पुलिस आयुक्त, महिला एवं बच्चों के लिए– विशेष पुलिस एकक–, दिल्ली पुलिस के प्रतिनिधियों के साथ एक ई–मीटिंग/वीडियो सम्मेलन आयोजित किया गया।

6.5 आयोग ने एसिड अटैक की शिकार महिलाओं को सुविधा देने और राहत देने के अपने प्रयास में एसिड अटैक के प्रत्येक मामले में प्रगति की निगरानी अपनी वेबसाइट में बनाई गई प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) के माध्यम से जारी रखी। एसिड अटैक मामलों के बारे में डेटा राज्य नोडल अधिकारी द्वारा प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) पर अद्यतन/अपलोड किया जाता है, जिसका विश्लेषण (i) मामलों के समय पर अद्यतन (ii) मुआवजे के भुगतान और मुआवजे की मात्रा, (iii) पुनः चिकित्सा सहायता की आवश्यकता और चार्जशीट व अभियोजन दायर करने में प्रगति के लिए किया जाता है।

6.6 22 अक्टूबर, 2020 को नोडल अधिकारियों के साथ एक ई–मीटिंग/वीडियो सम्मेलन आयोजित किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रा.म.आ. की वेबसाइट पर बनाए गए प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) पोर्टल पर एसिड हमले के मामलों की अद्यतन जानकारी नियमित रूप से दी जा रही है। आयोग ने मुआवजे के समय पर भुगतान, चिकित्सा सहायता और त्वरित चार्जशीट पर जोर दिया। बैठक के कार्यवृत्त और उसमें की गई सिफारिशों को सभी संबंधित नोडल अधिकारियों/राज्य प्रतिनिधियों के साथ साझा किया गया।

6.7 आयोग ने 10–11 मई 2021 को एसिड अटैकः एक जघन्य अपराध– 'रोकथाम, निषेध और निवारण' पर 2 दिवसीय परामर्श का आयोजन किया। विविध क्षेत्रों– सरकारी संस्थानों, चिकित्सा संस्थानों, कानूनी सेवा प्रदाताओं और गैर–सरकारी संगठनों (एसिड अटैक पीड़ितों/उत्तरजीवियों के लिए काम करने वाले) से प्रख्यात वक्ताओं/पैनलिस्टों ने भाग लिया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, कानून और न्याय मंत्रालय, सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के नोडल अधिकारियों और परामर्श के सभी प्रतिभागियों को दो दिवसीय परामर्श के कार्यवृत्त भेजे गए। परामर्श के दौरान निम्नलिखित सिफारिशें/सुझाव दिए गएः

i. तेजाब हमले की रोकथाम माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2013 में तेजाब की बिक्री पर सख्त प्रतिबंधों पर दिए गए निर्देशों पर निर्भर करती है। इसलिए इसका कड़ाई से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

ii. तेजाब फेंकने की सामाजिक समस्या के प्रति युवाओं को जागरूक करना। कानून प्रवर्तन अधिकारियों को विशेष रूप से जमीनी स्तर पर भी एसिड से संबंधित कानून का उचित पालन सुनिश्चित करने के लिए एसिड–बिक्री को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है।

iii. गैर–सरकारी संगठन स्थानीय समुदायों में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने और लिंग संवेदनशीलता को बढ़ावा देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लक्ष्य समूह में मुख्य रूप से पुरुषों और लड़कों को शामिल करना चाहिए और पितृसत्तात्मक मानसिकता को बदलने की दिशा में काम करना चाहिए।

iv. एसिड के दुरुपयोग और एसिड अटैक पीड़ितों की पीड़ा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर एसिड के वितरकों और खुदरा विक्रेताओं के बीच जागरूकता पैदा करना शायद उचित होगा। इसके परिणामस्वरूप केवल सही ग्राहकों को ही तेजाब की बिक्री होगी और इस प्रकार बदमाशों द्वारा दुरुपयोग की गुंजाइश कम से कम होगी।

v. कानूनों को सही भावना से लागू करने से एसिड हमलों को रोकने में मदद मिलेगी। अतः एसिड अटैक की घटना को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने की जरूरत है।

vi. एसिड बर्न पीड़ित के लिए एक राष्ट्रीय रजिस्ट्री होनी चाहिए, साथ ही वेब पोर्टल और प्राथमिक उपचार के लिए समर्पित हेल्प लाइन की भी आवश्यकता है।

vii. हेल्पलाइन शुरू की जा सकती है और रोगियों के साथ नियमित अनुवर्ती कार्रवाई के लिए उपयोगी हो सकती है

viii. एसिड हमलों के लिए पोर्टल जो ड्यूटी धारकों को दर्शाता है, जहाँ प्लास्टिक सर्जरी के लिए अस्पतालों के विवरण हैं, परामर्शदाता, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण(डीएलएसए)/ पैरा कानूनी स्वयंसेवकों(पीएलवी) के विवरण उपलब्ध हैं।

ix. तेजाब हमले के पीड़ितों को प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी कानूनी सहायता प्रदान की जानी चाहिए ताकि उन्हें पीड़ित मुआवजा योजना का लाभ मिल सके।

x. बेहतर पुनर्वास सुविधाओं के प्रावधान की आवश्यकता है ताकि कोई भी एसिड अटैक पीड़ित चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक देखभाल, कानूनी और सामाजिक सेवाओं सहित पुनर्वास सेवाओं का लाभ उठा सके।

xi. एसिड हमलों से संबंधित कानूनों और अधिकारों के संबंध में ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना।

xii. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की मौजूदा योजना, वन स्टॉप सेंटर को भी एसिड अटैक के मामलों से निपटने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, क्योंकि यह एक ही स्थान पर कई समाधान प्रदान कर सकता है।

xiii अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के सहयोग से, एसिड अटैक सर्वाइवर्स को वन स्टॉप सॉल्यूशन प्रदान किया जा सकता है।

xiv. देश में त्वचा बैंक और त्वचा दान का व्यावहारिक रूप से ज्ञान नहीं है, इसलिए विनियमित करने के लिए कुछ प्राधिकरण होना चाहिए।

xv. पीड़ित द्वारा दवाओं की खरीद पर किए खर्च की प्रतिपूर्ति के मामलों की देख–रेख राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (National Legal Services Authority (NALSA)) द्वारा की जाए।

xvi. गैर–सरकारी संगठनों(एनजीओ) की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि वे एसिड हमले के मामले निपटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

xvii. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, गृह मंत्रालय और नीति आयोग के साथ अंतर–मंत्रालयीन चर्चा होनी चाहिए।

xviii. 10 प्रतिशत जलने की स्थिति में भी विकलांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने का निर्देश राज्यों को दिया जाना चाहिए।

xix. एसिड अटैक सर्वाइवर्स के पुनर्वास के लिए आवश्यक रूप से उनके मनो–सामाजिक कल्याण पर ध्यान देना चाहिए। अपराधियों के व्यवहार पैटर्न पर काम किया जा सकता है और तदनुसार परामर्श सहायता प्रदान की जा सकती है और जागरूकता सत्र तैयार किए जा सकते हैं।

xx. पीड़ितों की मानसिक चिंता को दूर करने की जरूरत है, क्योंकि उन्हें ही वास्तव में समाज का सामना करना पड़ता है और उन्हें नीचा देखा जाता है। उनमें आत्मविश्वास की भावना जगाने की जरूरत है और उन्हें खुद से प्यार करने में सक्षम होना चाहिए।

xxi. इस तरह के जघन्य अपराध के लिए सजा बढ़ा दी गई है और इलाज के लिए पीडित को मुआवजा देना होता है, यह तथ्य जानने के बावजूद भी यह देखा गया है कि ऐसे हमलों का पंजीकरण नहीं किया जाता है। इससे प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के प्रमुख हितधारकों पर सामुदायिक स्तर, स्कूल स्तर, परिवार स्तर पर जागरूकता पैदा करने की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बनती है, पुलिस संवेदनशीलता भी महत्वपूर्ण है। यह अनुशंसा की जाती है कि वास्तव में जमीनी स्तर पर काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों को हस्तक्षेप करने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है।

xxii. रा.म.आ. फास्ट ट्रैक कोर्ट पर ध्यान केंद्रित कर सकता है और यह सुनिश्चित कर सकता है कि एसिड अटैक के मामलों का समय पर निपटारा हो और अपराधी को तुरंत सजा हो।

xxiii. एसिड अटैक सर्वाइवर्स को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए जिससे उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त करने में मदद मिल सके।

6.8 आयोग ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निषेध, रोकथाम और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत क़ानून के अनुसार आंतरिक समिति के कामकाज के बारे में जानकारी मांगने के लिए एक प्रश्नावली तैयार की है। सभी प्रासंगिक जानकारी प्रदान करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में राज्य और केंद्रीय विश्वविद्यालयों को प्रश्नावली भेजी गई है।

6.9 माननीय अध्यक्षा श्रीमती रेखा शर्मा और डॉ. राजुलबेन एल देसाई, सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षता में दो सदस्यीय टीम ने जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक करने के लिए 20/07/2021 को वृंदावन मथुरा का दौरा किया। बैठक के दौरान, पुलिस अधीक्षक को रा.म.आ. द्वारा अग्रेषित सभी मामलों को देखने और लंबित मामलों में की गई कार्रवाई में तेजी लाने की सलाह दी गई। टीम ने 02 स्वाधार महिला आश्रय सदन, कृष्णा कुटीर और चैतन्य

विहार का निरीक्षण किया, जिसका उद्देश्य विधवा और उनके परिवारों द्वारा परित्यक्त महिलाओं को आश्रय प्रदान करना है। आश्रय सदनों के रख–रखाव, साफ–सफाई और स्वच्छता के लिए विभिन्न सिफारिशें की गईं। उन्हें महामारी कोविड–19 के दौरान जारी दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई।

6.10 जिला मजिस्ट्रेट के साथ बातचीत के दौरान, माननीय अध्यक्षा और सदस्य रा.म.आ. ने वृंदावन में महिलाओं की स्थिति और निवास की स्थिति के उत्थान और सुधार के लिए बहुमूल्य सिफारिशें कीं–

i. इन महिलाओं की उनके परिवारों में वापसी पर जोर दिया जाना चाहिए।

ii. उन्हें उचित पुनर्वास प्रदान किया जाना चाहिए।

iii. घरों के रखरखाव पर ध्यान दिया जाना चाहिए और इस उद्देश्य के लिए कारपोरेट सोशल रिसपॉनसिबिलिटी(नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व) निधि के उपयोग का पता लगाया जा सकता है।

iv. अगरबत्ती के साथ–साथ साबुन बनाने के लिए फूलों (मंदिर के प्रसाद से) का पुनः उपयोग भी किया जाना चाहिए।

v. सोशल मीडिया विशेषकर Youtube से वृंदावन में महिलाओं के अनैतिक और अपमानजनक वीडियो को हटाना।

6.11 टीम ने वृंदावन में एक निजी आश्रय गृह का औचक निरीक्षण भी किया और पाया गया कि इस आश्रय गृह में 42 महिलाएं (सभी पश्चिम बंगाल की निवासी) रह रही थीं। टीम ने इन महिलाओं को फिर से घरों से जोड़ने के लिए प्रयास करने और उनके परिवारों की पहचान करने की सिफारिश की।

अध्याय 7

पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रयास

7.1 राष्ट्रीय महिला आयोग ने 29/07/2020 को 'मेट्रो शहरों में उत्तर पूर्वी महिलाओं द्वारा सामना किए जा रहे मुद्दों और चुनौतियों का सामना' विषय पर एक ऑनलाइन संगोष्ठी (वेबिनार) का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले पूर्वाग्रहों/भेदभाव पर विचार–विमर्श करना था। जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र की महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त रणनीतियों के लिए मुद्दों और सिफारिशों की व्यापक समझ हो। वेबिनार में माननीय मुख्य अतिथि के रूप में श्री किरेन रिजिजू (मंत्री,युवा मामलों के मंत्रालय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय) के साथ–साथ उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, उत्तर पूर्वी परिषद तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र की विशेष पुलिस इकाई (SPUNER), राज्य समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, उत्तर पूर्वी क्षेत्र के राज्य महिला आयोग के वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित थे। अन्य उल्लेखनीय पैनलिस्टों में अधिवक्ता, शिक्षाविद, नागरिक समाज संगठन आदि शामिल थे।

7.2 राष्ट्रीय महिला आयोग ने 24/09/2020 को **"निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारीः उत्तर पूर्वी क्षेत्र"** विषय पर एक ऑनलाइन संगोष्ठी (वेबिनार) का आयोजन किया, ताकि यह समझा जा सके कि निर्णय लेने की स्थिति में महिलाओं को सशक्त बनाने और लैंगिक समानता लाने के लिए अधिक महिलाओं के लिए मार्ग प्रशस्त करना महत्वपूर्ण है। वेबिनार में सुश्री अगाथा संगमा (सांसद, लोकसभा), राज्य समाज कल्याण विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के राज्य महिला आयोगों ने भाग लिया। अन्य उल्लेखनीय पैनलिस्टों में उल्लेखनीय सामाजिक कार्यकर्ता, सिविल सेवक, पत्रकार, शिक्षाविद, नागरिक समाज संगठन आदि शामिल थे।

7.3 वेबिनार एवं शोध प्रस्ताव (2020–2021):

क. वेबिनार

प्रस्ताव	ऑनलाइन प्राप्त	विशेषज्ञों द्वारा स्वीकृत	वित्तीय सहायता आयोग द्वारा अनुशंसित
राउंड 1	47	10	25
राउंड 2	26	15	

ख. अनुसंधान/शोध

प्रस्ताव	ऑनलाइन प्राप्त कुल	विशेषज्ञों द्वारा स्वीकृत कुल	वित्तीय सहायता के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित
शोध	17	9	8

अध्याय 8

महिला कल्याण एवं क्षमता निर्माण प्रकोष्ठ

8.1 वर्ष 2018 से, आयोग ने सांविधिक लक्ष्यों में सहयोग और प्रभावी रूप से उन्हें पूरा करने के लिए राज्य महिला आयोगों के साथ त्रैमासिक संवादात्मक बैठकों का एक तंत्र स्थापित किया है। बैठकों का उद्देश्य उनके साथ रा.म.आ. की नेटवर्किंग को मजबूत करना है; एक–दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाना और देश भर में महिलाओं की बेहतरी के लिए काम करने वाली एकजुट इकाई के रूप में मिलकर काम करना है। इस अवधि के दौरान, राष्ट्रीय महिला आयोग ने 10 अप्रैल, 26 अगस्त, 2020 और 01 फरवरी, 2021 को राज्य महिला आयोगों के साथ तीन एक दिवसीय इंटरएक्टिव बैठकें आयोजित की हैं।

बैठक में जिन मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया उनमें शामिल हैं – राज्य महिला एवं बाल विकास प्रकोष्ठों के साथ समन्वय; वन–स्टॉप सेंटर और 181 हेल्पलाइन एकीकरण को मजबूत करना और 'मानसिक तनाव से निपटने' के लिए क्षमता निर्माण का प्रबंधन, कोविड–19 महामारी के समय में महामारी से जुड़े अन्य विषय।

8.2 **8 मई, 2020 (शुक्रवार) को 'कृषि क्षेत्र में महिलाओं' पर परामर्शः** इस वेबिनार का आयोजन कृषि क्षेत्र में लैंगिक समानता के लिए सुधारात्मक उपायों की तलाश करने और यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया था कि इस क्षेत्र और संबद्ध क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान की पहचान की जाए तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठाए जाएं। परामर्श की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रेखा शर्मा ने की। राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्य और अधिकारी एवं विभिन्न सरकारी निकायों, कृषि विश्वविद्यालय और विभिन्न राज्यों के सिविल सोसायटी के वक्ता/प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

8.3 राष्ट्रीय महिला आयोग ने 12 जून, 2020 को 'दिव्यांग महिलाओं को मुख्यधारा में लाना– एक बहु–हितधारक परामर्श'('Mainstreaming of Women with Disabilities- A Multi- Stakeholder Consultation') पर एक वेबिनार का आयोजन किया, जिसमें संबंधित मंत्रालयों, अनुसंधान संगठनों, गैर सरकारी संगठनों और क्षेत्र के शिक्षाविदों/विशेषज्ञों के अधिकारियों ने भाग लिया।

वेबिनार का उद्देश्य बाधा मुक्त वातावरण के लिए सुधारात्मक उपाय तैयार करना; दिव्यांग महिलाओं के अधिकारों और आवश्यकताओं के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना; और सामान्य रूप से देश और दुनिया में विकलांगता के मूलभूत कारणों को पहचानना था।

8.4 'महिलाओं की तस्करीः उभरती चुनौतियाँ, बाधाएं और पुनर्वास प्रावधान' पर वेबिनारः राष्ट्रीय महिला आयोग ने 10 जुलाई, 2020 (शुक्रवार) को 'महिलाओं की तस्करीः उभरती चुनौतियाँ, बाधाएं और पुनर्वास प्रावधान' पर एक ऑनलाइन चर्चा (वेबिनार) का भी आयोजन किया। वेबिनार का उद्देश्य विशेष रूप से उनके व्यावसायिक यौन शोषण के लिए महिलाओं की तस्करी के निम्नलिखित

पहलुओं पर सुझावों और सिफारिशों के साथ निम्न विषयों पर विचार–विमर्श की सुविधा प्रदान करना था:

i. अवैध व्यापार का बदलता रूप और रोकथाम के नए तरीकों की आवश्यकता; तथा

ii. अवैध तस्करी से छुड़वाई गई महिलाओं के बचाव और पुनर्वास की व्यवस्था।

8.5 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) के सहयोग से कानूनी जागरूकता कार्यक्रमः आयोग ने 15 अगस्त, 2020 को राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (NALSA) के सहयोग से महिलाओं के लिए जमीनी स्तर पर एक 'कानूनी जागरूकता कार्यक्रम' शुरू किया है, जिसमें पहला शिविर उत्तर प्रदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) सुल्तानपुर द्वारा अमेठी जिले में आयोजित किया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट 8 राज्यों (यानी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और असम) के जिलों को कवर करेगा।

यह कार्यक्रम इस विश्वास के साथ शुरू किया गया था कि जमीनी स्तर पर बालिकाओं/महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम शुरू करने से समानता, समावेशिता और विविधता के मूल्यों को विकसित करने में सुविधा होगी, जो एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है। इसके अलावा, महिलाओं से संबंधित कानूनों का ज्ञान न केवल युवा दिमाग के संतुलित विकास के लिए महत्वपूर्ण है; बल्कि यह सही मूल्यों, आत्म–अनुशासन और राष्ट्रीय भावना के निर्माण में भी मदद करेगा।

i. कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न महिलाओं से संबंधित कानूनों के तहत प्रदान किए गए बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपचारों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है, जिससे वे वास्तविक जीवन की स्थितियों में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो सकें।

ii. महिलाओं को उनकी समस्याओं/शिकायतों के निवारण के लिए उपलब्ध न्याय प्रदायक प्रणाली की विभिन्न मशीनरी/अंगों से अवगत कराना।

iii. शिकायतों के निवारण के लिए उपलब्ध विभिन्न माध्यमों अर्थात पुलिस, कार्यपालिका और न्यायपालिका से संपर्क करने और उनका उपयोग करने की प्रक्रिया।

iv. महिलाओं और लड़कियों को भारतीय दंड संहिता, 1860 सहित दहेज निषेध अधिनियम, 1961; महिलाओं के लिए घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम, 2005 आदि विभिन्न कानूनों के तहत उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना;

अगस्त से दिसंबर, 2020 की समयावधि में 34,631 प्रतिभागियों के साथ कुल 675 शिविरों का आयोजन किया गया। कुल शिविरों में से 627 शिविर गैर– पूर्वोत्तर राज्यों में और 48 शिविर पूर्वोत्तर राज्य (अर्थात असम) में आयोजित किए गए।

8.6 आयोग ने 21 अगस्त 2020 को 'भारत में महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध' पर एक ऑनलाइन चर्चा (वेबिनार) का आयोजन किया। दो सत्रों में महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों से संबंधित मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया:

i. महिला के खिलाफ साइबर अपराध– कानून की अपर्याप्तता या इसका अप्रभावी कार्यान्वयन; तथा

ii. महिलाओं के लिए साइबर स्पेस को सुरक्षित बनाना– कानूनी/कानून प्रवर्तन के अलावा अन्य उपाय।

8.7 'पोषण अभियान' के तहत तीसरे राष्ट्रीय पोषण माह (सितंबर 2020) के उत्सव को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय महिला आयोग ने निम्नलिखित गतिविधियां शुरू की हैं:

i. 22 सितंबर, 2020 को 'कोविड–19 के दौर में स्तनपान' पर वार्ता : आयोग ने गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के हितों की रक्षा के उद्देश्य से एक घंटे का टॉक शो(वार्ता) आयोजित किया। क्षेत्र के दो प्रतिष्ठित विशेषज्ञ– डॉ. जेपी दधीच नेशनल समन्वयक और तकनीकी निदेशक, ब्रेस्टफीडिंग प्रमोशन नेटवर्क ऑफ इंडिया (बीपीएनआई) और डॉ. भारती कुलकर्णी, सीनियर ग्रेड उप निदेशक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन, हैदराबाद ने अपने संबोधन में कोविड–19 संदिग्ध या ग्रसित माताओं द्वारा स्तनपान और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए वैश्विक मार्गदर्शन और साक्ष्य के आधार पर व्यावहारिक समर्थन के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया।

ii. आयोग ने 'मातृ और बाल पोषण' के महत्व पर एक समर्पित ऑनलाइन चर्चा का आयोजन किया। वेबिनार में विशेषज्ञ डॉ. सुजीत रंजन (कार्यकारी निदेशक, खाद्य और पोषण सुरक्षा गठबंधन), डॉ. सिला देब (अतिरिक्त आयुक्त, बाल स्वास्थ्य और प्रभारी–पोषण,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) और सुश्री पल्लवी पटेल(निदेशक, चेतना) उपस्थित थे। वेबिनार निम्नलिखित पर केंद्रित थे:

   ए) बदलती दुनिया में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण;

   बी) कोविड–19 युग में स्तनपान और दुग्धपान; तथा

   सी) आहार अभ्यास, भोजन के उपभोग में परिवर्तन;

iii. आयोग ने सुश्री रुजुता दिवेकर के साथ महिलाओं के बीच 'स्वास्थ्य और पोषण' के प्रसार हेतु एक छोटा सत्र आयोजित किया।

8.8 आयोग ने 20 अक्टूबर, 2020 को 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति– लिंग संवेदनशीलता और समावेश पर दृष्टि' पर एक चर्चा का आयोजन किया: चर्चा के प्रस्तावित बिंदु में निम्नलिखित शामिल रहे:

i. सभी छात्रों को गुणवत्ता प्रधान शिक्षा तक समान पहुंच के साथ बालिकाओं के बीच सकल नामांकन अनुपात में सुधार लाने के तरीके पर विशेष जोर देना।

ii. राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली (एनईपी) के तहत लिंग को मुख्यधारा में लाने पर ध्यान देना; लिंग तटस्थता के साथ प्रशिक्षण को बढ़ावा देना और 'लिंग–समावेशन कोष' पर ध्यान रखना।

8.9 आयोग ने 25–27 नवंबर 2020 तक "महिलाओं पर दुर्व्यवहार के खिलाफ भारत" (IAAW) पर तीन दिवसीय समर्पित विचार–विमर्श का आयोजन किया। यह विचार–विमर्श 18 घंटे की ऑनलाइन चर्चा थी, जो महिलाओं और बालिकाओं के सामने 'भौतिक या आभासी' चुनौतियाँ जैसे विभिन्न मुद्दों पर 3 दिन 6 समर्पित घंटों की चर्चा के साथ संपन्न हुई।

आयोग, महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ दुर्व्यवहार को रोकने के दृष्टिकोण, धारणाओं और तरीकों पर व्यापक और सार्थक बातचीत करने के लिए सरकार, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, गैर सरकारी संगठनों, प्रोफेशनल्स और कार्यकर्ताओं के प्रतिष्ठित पदाधिकारियों और विद्वानों को एक साथ लाया।

विचार–विमर्श में निम्नलिखित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई:

i. बालिकाओं और महिलाओं के खिलाफ हिंसा की वास्तविकता;

ii. महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा –– यह पुरुषों का मामला है;

iii. यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों पर बातचीत;

iv. महिलाओं के साथ ऑनलाइन दुर्व्यवहार कैसे नियंत्रण से बाहर हो गया है;

v. मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े गलत/अपमानजनक कथ्यों को स्वीकार न करें;

vi. लैंगिक हिंसा के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं।

8.10 23 दिसंबर, 2020 को 'मानसिक स्वास्थ्य के बिना महिलाओं का शारीरिक स्वास्थ्य एवं कल्याण नहीं' पर वेबिनार, आयोग ने महिलाओं और बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों एवं मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों से निपटने के लिए 23 दिसंबर, 2020 को 'मानसिक स्वास्थ्य के बिना महिलाओं का शारीरिक स्वास्थ्य एवं कल्याण नहीं' पर एक वेबिनार का आयोजन किया।

आयोग, महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ दुर्व्यवहार को रोकने के दृष्टिकोण, धारणाओं और तरीकों पर व्यापक और सार्थक बातचीत करने के लिए सरकार, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, गैर सरकारी संगठनों, पेशेवरों और कार्यकर्ताओं के प्रतिष्ठित पदाधिकारियों और विद्वानों को एक साथ लाया।

विचार–विमर्श में निम्नलिखित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई:

i. मानसिक स्वास्थ्य के लिए मानसिक विकारों के असंतुलन पर नियंत्रण आवश्यक है;

ii. भारत में महिलाओं को विभिन्न प्रकार के तनावों का सामना करना पड़ता है। क्या तनाव किसी भी तरह से पारिवारिक परिस्थितियों से संबंधित हैं?

iii. महिलाओं में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं की व्यापकता और कारणों के साथ–साथ मध्यस्थता और सुरक्षात्मक कारकों पर साक्ष्य तैयार करना;

iv. बचपन से लेकर बुढ़ापे तक महिलाओं की जरूरतों और चिंताओं को दरकिनार करने के लिए स्वास्थ्य नीतियों के निर्माण और कार्यान्वयन को बढ़ावा देना;

v. विभिन्न टीवी और रेडियो प्रस्तुतियों के माध्यम से समर्थन और संवेदीकरण द्वारा कलंक या भेदभाव को कम करना और जागरूकता में सुधार करना।

vi. मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में अपनी ताकत, कमजोरियों, चुनौतियों और अवसरों को कैसे समझते हैं?

8.11 "लिंग संवेदीकरण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम" पर प्रश्नोत्तरीः आयोग ने 14 नवंबर, 2020 को MyGov पोर्टल के माध्यम से एक ओपन लिंग संवेदीकरण एवं विधिक जागरूकता प्रश्नोत्तरी की शुरुआत की। प्रश्नोत्तरी की अवधि 14 नवंबर से 31 जनवरी, 2021 तक थी। प्रश्नोत्तरी में प्रतिभागियों की कुल संख्या 64,029 दर्ज की गई।

8.12 कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर बालकों और बालिकाओं के बीच समानता, समावेशिता और विविधता के मूल्यों को विकसित करना है, जो एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। इसके अलावा, महिलाओं और लिंग संवेदीकरण से संबंधित कानूनों का ज्ञान न केवल युवा दिमाग के संतुलित विकास के लिए महत्वपूर्ण है; यह छात्रों को भी सही मूल्यों, आत्म–अनुशासन और राष्ट्रीय भावना के निर्माण में भी मदद करेगा।

8.13 'वित्तीय साक्षरता और शिक्षा– महिलाओं को आर्थिक ज़रूरतें स्वयं उठाने के लिए प्रेरित करनाः

भारत में महिलाओं की वित्तीय स्थिति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए, आयोग ने 01 मार्च, 2021 को 'वित्तीय साक्षरता और शिक्षा – महिलाओं को आर्थिक ज़रूरतें स्वयं उठाने के लिए प्रेरित करना' पर एक ऑनलाइन चर्चा का आयोजन किया।

आयोग ने प्रख्यात विद्वानों, सरकार के पदधारियों, वित्तीय एजेंसियों और व्यावसायिकों के साथ निम्नलिखित बिंदुओं पर व्यापक और सार्थक बातचीत कीः

क) वित्तीय साक्षरता और शिक्षा के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण;

ख) महिलाओं को उपलब्ध सरकारी योजनाओं और लाभों के बारे में जागरूकता;

ग) मौजूदा वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के बारे में जागरूकता;

घ) बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता को समझना;

ग) परिवार नियोजन, बचत और बजट पर ध्यान केंद्रित करके घर के भीतर निर्णय लेने में भागीदारी को प्रोत्साहित करना;

ड़) वित्तीय योजना और धन प्रबंधन को प्रोत्साहित करना।

8.14 'महिलाओं के लिए पुरुष' प्रसंग पर महिला दिवस– 2021 का मनाया जाना –

आयोग ने 10 मार्च, 2021 (बुधवार) को 'महिलाओं के लिए पुरुष' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, जिसका उद्देश्य बदलाव के अभिकर्ता के रूप में सभी लिंगों की सहभागिता और नकारात्मक रूढ़ियों और व्यवहारों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करके लैंगिक–समानता प्राप्त करना था।

मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी, माननीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस कार्यक्रम को सुशोभित किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री हंस राज हंस, संसद सदस्य, उत्तर पश्चिम दिल्ली, श्री राम मोहन मिश्रा, सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और श्रीमती रेखा शर्मा, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद अनुष्ठान थिएटर ग्रुप द्वारा प्रसंगाधृत एक नाटक का आयोजन किया गया।

पैनल चर्चा ने महिलाओं के लिए पुरुषों की भावना पर ध्यान केंद्रित किया गया और सभी पैनलिस्टों को प्रेरणादायक महिलाओं के जीवन में उनकी भूमिका के लिए सलाम किया। पैनल में श्री राकेश पांडे (सांसद, राज्यसभा सुश्री सरोज पांडे के भाई), डॉ. मित्र बसु छिल्लर (पूर्व मिस वर्ल्ड/अभिनेत्री सुश्री मानुषी छिल्लर के पिता), श्री रवि कुमार (एसिड अटैक सर्वाइवर सुश्री सपना के पति), मेजर दीपक राव (भारत की पहली महिला कमांडो ट्रेनर सुश्री सीमा राव के पति), श्री मानवेंद्र सिंह और श्री अनिरुद्ध सिंह (अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल, सर्वोच्च न्यायालय सुश्री ऐश्वर्या भाटी के पुत्र), श्री हिमांशु कालिया (दिल्ली की पहली महिला एम्बुलेंस चालक सुश्री ट्विंकल कालिया के पति) और श्री रमेश ठाकुर (भारतीय शास्त्रीय संगीत में प्रशिक्षित भारतीय गायिक सुश्री मैथिली ठाकुर के पिता) शामिल रहे।

इसी प्रकार के आयोजन अरुणाचल प्रदेश, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मणिपुर, मेघालय, उड़ीसा, सिक्किम, उत्तराखंड, तेलंगाना, मिजोरम और हरियाणा के राज्य महिला आयोगों के सहयोग से पुनः आयोजित किए गए।

अध्याय 9

कानूनी समीक्षा एवं विधिक जागरूकता

9.1 राष्ट्रीय महिला आयोग के अधिनियम 1990 की धारा 10(1)(डी) के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग के द्वारा समीक्षा मंत्रणा के विवरण नीचे दिए गए हैं:

9.2 भारत में महिला श्रमिक बल भागीदारी दर – परामर्श

दिनांक 24/10/2019 को माननीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्षा के साथ हुई बैठक के अनुसरण में रा.म.आ. ने महिला श्रमिक बल भागीदारी दर पर प्रचलित कानूनों के प्रभाव की पहचान करने के लिए कामकाजी महिलाओं विशेषतः असंगठित क्षेत्र से संबंधित महिलाओं के मामलों पर क्षेत्रीय परामर्श का आयोजन किया।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने संबंधित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों और वी.वी. गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान के सहयोग से गुजरात, उड़ीसा, दिल्ली, असम और तमिलनाडु में 5 क्षेत्रीय परामर्श आयोजित किए। "भारत में महिला श्रमिक बल भागीदारी दर" पर परामर्श की रिपोर्ट डीओ नंबर 06–11/91/2019NCW(L) दिनांक 3 फरवरी, 2021 के तहत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय को उचित कार्रवाई के लिए अग्रेषित की गई थी।

9.3 "अंतरराज्यीय महिला प्रवासी श्रमिकों से संबंधित कानूनों की समीक्षा" – क्षेत्रीय परामर्श

राष्ट्रीय महिला आयोग ने अपने अधिदेश के अनुसरण में अंतर–राज्य प्रवासी महिला श्रमिकों से संबंधित कानूनों की समीक्षा के लिए देश के उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए पहचाने गए राष्ट्रीय विधि विद्यालयों के सहयोग से पांच क्षेत्रीय परामर्श आयोजित किए। इन परामर्शों के दौरान, हजारों अंतर–राज्य प्रवासी श्रमिकों,विशेषतः महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं तथा सामाजिक सुरक्षा, कल्याण और गुणवत्ता पूर्ण जीवन के लिए निर्धारित स्थापित कानूनी ढ़ाचे में सुधार की संभावनाओं पर विचार किया गया। कोविड–19 लॉकडाउन के कारण परामर्श वेब आधारित फार्मेट में किया गया।

परामर्शों की एकत्रित रिपोर्ट डी.ओ. सं. 06–05/02/2020–21रा.म.आ.(विधिक) दिनांकित 06.01.2021 द्वारा महिला एवं बाल मंत्रालय तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय को भेज दी गई।

9.4 "महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध– क्या महिलाओं का अशिष्ट रुपण अधिनियम, आईटी अधिनियम और अन्य प्रचलित कानून पर्याप्त हैं " पर परामर्श

आयोग ने वीडियो कॉन्फ्रेंस प्रारूप के माध्यम से पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी, उत्तर पूर्वी और उत्तरी क्षेत्र के लिए क्रमशः 31अगस्त,2020, 16 सितंबर,2020, 29 अक्टूबर,2020 और 17 नवंबर, 2020, 2 दिसंबर,2020 को "महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध– क्या महिलाओं का अशिष्ट रुपण अधिनियम, आईटी अधिनियम और अन्य प्रचलित कानून पर्याप्त हैं" पर पांच क्षेत्रीय विधिक समीक्षा

परामर्श आयोजित किए। परामर्श का उद्देश्य महिलाओं के लिए साइबर सुरक्षा ढांचे से संबंधित नियामक उपकरणों, विधियों, सिफारिशों, दिशानिर्देशों आदि के विकास की समीक्षा और विश्लेषण करना है। मौजूदा कानून में व्यवहार्य संशोधन के लिए समेकित सिफारिशें तैयार करने के प्रयास में या नवीन नियंत्रक साधनों की आवश्यकता के लिए इस कानून की समीक्षा की गई थी। परामर्श में साइबर विधिक विशेषज्ञों, साइबर सुरक्षा व्यवसायियों, शिक्षाविदों, राज्य के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभागों के अधिकारियों, सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों और राज्य महिला आयोगों की व्यापक भागीदारी देखी गई।

परामर्श की समेकित रिपोर्ट महिला और बाल मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और गृह मंत्रालय को डीओ नंबर 06–05/18/2020–21 एनसीडब्ल्यू (एल) दिनांक 01/09/2021 के तहत भेज दी गई थी।

9.5 'घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005' की कानूनी समीक्षा

राष्ट्रीय महिला आयोग ने अपने अधिदेश के अनुसरण में 10 फरवरी 2021, 18 फरवरी 2021, 26 फरवरी 2021 और 12 मार्च, 2021 को क्रमशः पश्चिमी, दक्षिणी, उत्तर पूर्वी, पूर्वी और उत्तरी क्षेत्र के लिए 'घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005' की समीक्षा के लिए पांच क्षेत्रीय परामर्श आयोजित किए। क्षेत्रीय परामर्श का उद्देश्य घरेलू हिंसा की रोकथाम से संबंधित कानून में व्यापक बदलाव का सुझाव देने की प्रक्रिया में आवश्यक क्षेत्र–विशिष्ट या राज्य–विशिष्ट मुद्दों के समाधान को ध्यान में रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों और हितधारकों के दृष्टिकोण को शामिल करना है। यह कार्य कानून को अधिक समावेशी बनाने और एक सामाजिक समूह के रूप में महिलाओं के भीतर विभिन्न सामाजिक समूहों की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में है।

9.6 17 जुलाई, 2020 को भारत में विवाह की कानूनी आयु की समीक्षा करने के लिए परामर्श

आयोग ने 17 जुलाई, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंस प्रारूप के माध्यम से 'भारत में विवाह और मातृत्व की उम्र पर समीक्षा' पर एक दिवसीय परामर्श आयोजित किया। परामर्श का उद्देश्य भारत में बालिकाओं के लिए शादी की उम्र बढ़ाने की संभावना का पता लगाना था। इस परामर्श में, आयोग ने मातृत्व की आयु, मातृ मृत्यु दर को कम करने की अनिवार्यता, पोषण स्तर में सुधार और संबंधित मुद्दों की जांच करने का लक्ष्य रखा। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विचार–विमर्श के आधार पर रिपोर्ट डीओ नंबर 06–14/14/2020–एनसीडब्ल्यू (एल) दिनांक 10 अगस्त, 2020 के तहत आवश्यक कार्रवाई के लिए सचिव, महिला और बाल विकास मंत्रालय को प्रस्तुत की गई है।

9.7 कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान भारत में आंतरिक महिला प्रवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुदेश

देश में महिला सशक्तिकरण के कार्य हेतु सर्वोच्च वैधानिक निकाय होने के नाते राष्ट्रीय महिला आयोग ने महामारी कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान आंतरिक महिला प्रवासी श्रमिकों के लिए एक सलाह के रूप में कुछ हस्तक्षेपों का प्रस्ताव करने का दायित्व लिया क्योंकि वे प्रतिकूल रूप से

प्रभावित वर्गों में से एक थे। इसे देखते हुए, आयोग ने 7 अप्रैल, 2020 को 'कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान भारत में आंतरिक महिला प्रवासियों' की आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुदेश जारी किया।

अनुदेश में महिला प्रवासी कामगारों के लिए भोजन, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आश्रय और सुरक्षा से संबंधित दिशा–निर्देश दिए गए हैं। इसे 10 प्रमुख मंत्रालयों और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजा गया।

9.8 महत्वाकांक्षी महिला उद्यमियों को प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग एवं भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलूरु की सहभागिता से 'उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना'– विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम

उद्यम शुरू करने की भावना से युक्त 5000 महत्वाकांक्षी महिला उद्यमियों की सहायता के लिए 6 सप्ताह के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा डिजिटल शिक्षा प्रायोजित करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलूरु की सहभागिता की। रा.म.आ. भारतीय लघु एवं मध्यम उद्योग(SME) फोरम से भी जुड़ा है। यह फोरम संगठन लाभ के लिए नहीं अपितु जानकारी प्रदान करने एवं सलाहकार के रूप में सहभागी है तथा डिजिटल सहभागी के रूप में MyGov से जुड़ा है जिसमें ऑनलाइन पाठ्यक्रम के पंजीकरण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आधिकारिक तौर पर यह कार्यक्रम 4 मार्च, 2021 को लेह, लद्दाख में शुरू किया गया।

अध्याय 10

जेल, अभिरक्षा गृह और मनोरोग संस्थाओं का निरीक्षण

10.1 राष्ट्रीय महिला आयोग, अधिनियम 1990 की धारा 10(1)(V) के अंतर्गत आयोग को सौंपे गए कार्यों के हिस्से के रूप में देश में जेलों/कारागार/अभिरक्षा गृह का निरीक्षण करता है। आयोग ने यह सुनिश्चित करने के लिए कारागार के निरीक्षण को अपने मुख्य क्षेत्र के रूप में माना है कि महिला कैदियों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं हो और पर्याप्त सुधारात्मक सुविधाएं प्रदान की जाएं। निरीक्षणों का संचालन राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों, अधिकारियों, राज्य महिला आयोगों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण(डीएलएसए) और संबंधित क्षेत्रों में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर किया जाता है। निरीक्षण दल जेलों में महिला कैदियों, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के साथ नियमित रूप से बातचीत करते हैं। निरीक्षण के दौरान की गई टिप्पणियाँ और सिफारिशें आगे की कार्रवाई लागू करने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, राज्य जेल अधिकारियों और जेल अधीक्षक को भेजी जाती हैं।

10.2 आयोग द्वारा तैयार किए निर्धारित प्रोफार्मा में जेलों से भी जानकारी प्राप्त की जाती है। इस प्रोफार्मा में प्राप्त जानकारी का उपयोग गहन जांच और विश्लेषण के लिए किया जाता है, और इस जांच और विश्लेषण के आधार पर; आयोग द्वारा टिप्पणियों और सिफारिशों का मसौदा तैयार किया जाता है। ड्राफ्ट रिपोर्ट के साथ की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भेजने का अनुरोध संबंधित अधिकारियों को भेजा जाता है।

10.3 वर्ष 2020–21 में, आयोग को कोविड–19 महामारी के बीच जेलों/मनोरोग गृहों/स्वाधार गृहों के भौतिक निरीक्षण की योजना बनाने तक सीमित कर दिया गया था। इसलिए, आयोग ने जेलों और मनोरोग घरों के हितधारकों के साथ ऑनलाइन बैठकें आयोजित करके कैदियों की भलाई सुनिश्चित की।

10.4 11 मई,2020 को राज्य के महानिदेशक/कारागार महानिरीक्षक के साथ एक ई–मीटिंग/वीडियो सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें आयोग की विभिन्न सिफारिशों पर वार्डों में महिला कैदियों की रहने की स्थिति में सुधार के लिए उनके द्वारा की गई कार्रवाई पर चर्चा की गई थी। ये सिफारिशें महामारी कोविड– 19 के दौरान जेल के वार्डों/बैरक की भीड़भाड़ (सशर्त जमानत/ पैरोल आदि पर रिहा किए गए कैदियों की संख्या), दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 437 (1) (ii) के तहत अंडर–ट्रायल के लिए जमानत के आवेदन,महिला वार्डों में साफ–सफाई, प्रसाधन सामग्री की आपूर्ति, वार्डों के अंदर सामाजिक दूरी के अभ्यास, मास्क, हाथ के दस्ताने और सैनिटाइजर की आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा आदि से जुड़ी थीं।

10.5 सभी कारावासों के महानिदेशकों को सलाह दी गई कि वे जेल अधीक्षकों पर दबाव डालने के लिए प्रत्यक्ष और व्यक्तिगत जिम्मेदारी लें कि महिला कैदी, चाहे विचाराधीन हों या दोषी, किसी

भी तरह से "दंडित" होने के लिए कारागार में नहीं हैं; बल्कि उन्हें उनकी अभिरक्षा में दिया गया है और इस भूमिका में उन्हें 'अभिभावक' के रूप में सेवा करनी होगी। इसलिए महिला बंदियों के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी है। अभिभावक के रूप में भी महानिदेशक न केवल जेल के भीतर बल्कि बाहर के लोगों द्वारा महिलाओं के रूप में उनके चरित्र हनन के किसी भी प्रयास से अपनी महिला कैदियों के स्वाभिमान, गरिमा और शील की रक्षा करेंगे।

10.6 आयोग की निम्नलिखित सिफारिशें प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, गृह मंत्रालय और राज्य के महानिदेशक/महा निरीक्षक जेल को भेजी गईं:

i. जेलों में अधिक भीड़ न होने पर भी आवश्यकता है कि जेलों में महिलाओं के विचाराधीन मामलों को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 437 (1) (ii) के तहत विशेष प्रावधान लागू करके अदालत के माध्यम से नियमित जमानत के लिए विचार किया जाए। कारागार प्राधिकारियों को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ताओं के परामर्श से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दंड प्रक्रिया संहिता के इस विशेष प्रावधान के तहत जेल में विचाराधीन महिलाओं की जमानत याचिकाएं स्थानांतरित की जाती हैं। केवल सशर्त जमानत या निश्चित अवधि के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा करने से उद्देश्य पूरा नहीं होगा और यह उपलब्ध प्रावधान को कमजोर करेगा।

ii. महिला वार्डों में उचित सामाजिक दूरी बनी रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए पैरोल पर महिला दोषियों की रिहाई जल्द की जाए।

iii. वर्तमान महामारी की स्थिति में आवश्यकता के बावजूद अधिकांश जेलों के महिला वार्डों/बैरकों में व्यक्तिगत प्रसाधन सामग्री मानदंडों में बदलाव नहीं किया गया। मास्क और सैनिटाइज़र की आपूर्ति पर्याप्त नहीं है। महिला वार्डों/बैरकों के लिए बुनियादी सौंदर्य प्रसाधनों के अनुरूप प्रावधानों के साथ साबुन, डिटर्जेंट, शैम्पू की मात्रा बिना किसी देरी के बढ़ाने की जरूरत है।

10.7 इसी तरह, राष्ट्रीय महिला आयोग ने 20 अगस्त, 2020 को सरकारी क्षेत्र के मनो–चिकित्सीय गृहों/अस्पतालों के निदेशक/चिकित्सा अधीक्षकों के साथ एक ई–मीटिंग/वीडियो कांफ्रेंस का आयोजन किया, जिसमें आयोग ने विभिन्न सिफारिशों पर उनके द्वारा की गई कार्रवाई पर चर्चा की। महामारी कोविड–19 के दौरान महिला रोगियों की रहने की स्थिति पर सम्मेलन में विचार–विमर्श के आधार पर निम्नलिखित सिफारिशें की गईं और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, संबंधित राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग और बैठक के सभी प्रतिभागियों को सूचित किया गया:

i. अध्यक्ष, रा.म.आ. ने अपने विवेकाधिकार में मानसिक बीमारी वाली महिलाओं की दुर्दशा और उनके प्रति परिवार की अज्ञानता पर ध्यान दिया। ज्यादातर मामलों में, उपचारित महिलाओं को परिवार के सदस्यों द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता है और इसलिए, जिम्मेदारी अस्पताल के अधिकारियों की होती है। अस्पताल के अधिकारियों से सिफारिश की जाती है कि वे

महिला रोगियों को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण(UIDAI) के तहत पंजीकृत कराएं और आधार कार्ड तैयार करवाएं ताकि उपचार के बाद फिर से समाज से जुड़ने पर वे सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें।

ii. GMHC त्रिश्शूर, RMH पुणे, RMH ठाणे, SMHI कोहिमा, आधुनिक मनोरोग अस्पताल अगरतला, मानसिक अस्पताल बरेली, मानसिक अस्पताल वाराणसी और SMHI देहरादून नामक **08** संस्थानों में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, साइकियाट्रिक सोशल वर्कर, मेडिकल अटेंडेंट और नर्स के रिक्त पद देखे गए। अस्पताल अधिकारियों से अनुरोध है कि वे रिक्त पदों को भरने के लिए संबंधित विभाग को भेजे गए अपने पत्रों की प्रति आयोग को अग्रेषित करें ताकि उनके साथ अनुवर्ती कार्रवाई की जा सके और महिला के पर्याप्त प्रतिनिधित्व के साथ रिक्त पदों को प्राथमिकता से भरना सुनिश्चित किया जा सके।

iii. आयोग ने पाया कि राज्य मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, देहरादून, उत्तराखंड के कर्मचारी अपने पुराने कपड़े महिला रोगियों को दान करते हैं। इसलिए, महिला रोगियों के लिए कपड़ों के प्रावधान के मामले को संबंधित विभाग के साथ उठाने की सिफारिश की जाती है और इसका जल्द से जल्द पालन किया जाए।

iv. मानसिक अस्पताल वाराणसी, उत्तर प्रदेश का भवन पुराना और जीर्ण–शीर्ण है, जो अस्पताल के मरीजों और कर्मचारियों के लिए असुरक्षित है। आयोग ने भवन के पुनर्गठन के लिए सिफारिश की है और अधिकारियों से इस उद्देश्य के लिए संबंधित विभाग को भेजे गए पत्र की प्रति अग्रेषित करने का अनुरोध किया है ताकि इस मामले में अनुवर्ती कार्रवाई की जा सके।

v. सभी संस्थानों में मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अधिकांश संस्थानों में ये कार्यक्रम इंडोर गेम्स और योग के रूप में होते हैं। हालांकि, मनोरंजक कार्यक्रमों को इस तरह से डिजाइन किया जाना चाहिए कि वे रोगियों की सक्रिय भागीदारी को सुरक्षित रखें और उन्हें काफी समय तक व्यस्त रखें। कुछ मनश्चिकित्सीय गृहों में चिकित्सीय पद्धति के रूप में संगीत चिकित्सा होती है और इसे सभी मनश्चिकित्सीय गृहों द्वारा अपनाए जाने की आवश्यकता है।

vi. कौशल विकास प्रशिक्षण न केवल रोगियों के इलाज में मदद करता है बल्कि रोगियों को उपचार के बाद आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद करता है। मनोरोग गृह महिला रोगियों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करते हैं लेकिन अभी भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है ताकि यह पारंपरिक व्यापार/कौशल तक ही सीमित न रहे।

5. डॉ. राजुलबेन एल. देसाई, सदस्य, दिनांक 08.03.2019 से
6. श्रीमती मीता राजीवलोचन, सदस्य–सचिव, दिनांक 08.01.2020 से

उपाबंध-II

संगठनात्मक चार्ट



उपाबंध-III

वर्ष 2020–2021 के दौरान आयोग द्वारा लिए गए मुख्य निर्णय/विचार–विमर्श के मामले

दिनांक 27 अप्रैल, 2020 को आयोजित आयोग की 203वीं बैठक

1. आयोग ने मेसर्स एम.एस.विजिलेंट सिक्योरिटी, प्लेसमेंट एंड डिटेक्टिव सर्विस प्रा. लिमिटेड एजेंसी की सेवाओं को उन्हीं नियमों और शर्तों पर 01.04.2020 से 01 वर्ष के लिए बढ़ा दिया है।

2. आयोग ने समीक्षा की और मैसर्स एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड को जसोला में राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्यालय भवन के निर्माण और इंटीरियर हेतु शेष भुगतान जारी करने के लिए कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

3. आयोग ने दिनांक 01.03.2020 को पावर वॉक आयोजित करने की समीक्षा की और कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

4. एक स्टाफ कार की अनुपयोगिता के कारण सरकारी–ई–मार्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से आधिकारिक उपयोग के लिए आयोग ने नई मारुति सुजुकी "सियाज" वाहन की खरीद की समीक्षा की और कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।

5. आयोग ने राष्ट्रीय महिला आयोग में हाउसकीपिंग और अन्य तकनीकी सेवाएं प्रदान करने के लिए मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस लिमिटेड को अनुबंध अवधि को 09/04/2020 से 08/10/2020 तक छह महीने के विस्तार के लिए पूर्व–कार्योत्तर अनुमोदन की समीक्षा की और मंजूरी दी।

6. आयोग ने कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान भारत में आंतरिक महिला प्रवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 10 प्रमुख मंत्रालयों और देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को एडवाइजरी जारी करने की समीक्षा की और कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

7. आयोग ने देश भर में पहचाने गए क्षेत्रों में अंतर–राज्य प्रवासी कामगार अधिनियम, 1979 की समीक्षा के लिए क्षेत्रीय परामर्श आयोजित करने की मंजूरी दी, क्योंकि विशेष रूप से प्रवासी महिला कामगारों से संबंधित कोई राष्ट्रीय नीति या योजना नहीं है। आयोग श्रम कानूनों में विशेषज्ञता रखने वाले एक प्रमुख विशेषज्ञ (राष्ट्रीय स्तर) के साथ सहयोग करेगा और परामर्श आयोजित करने के लिए प्रत्येक चुने गए क्षेत्रों में ज्ञान केंद्रों की शुरुआत करेगा।

8. आयोग ने लॉकडाउन अवधि के दौरान शिकायतों के निवारण के लिए विशेष पहल की और रणनीति बनाई जो इस प्रकार है:

   i. वृद्ध लोगों की मदद के लिए कार्य बल(टास्क फोर्स)

ii. लॉक डाउन के दौरान घरेलू हिंसा की रिपोर्ट करने के लिए व्हाट्सएप नंबर

iii. लॉकडाउन के बीच शिकायत से निपटने की रणनीति – आयोग ने पूरे देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप और लॉक डाउन के दौरान भी आयोग की वेबसाइट यानी www.nic.in के माध्यम से शिकायतों के पंजीकरण और प्रसंस्करण के लिए अपनी ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से शिकायत पर काम करना और संसाधित करना जारी रखा था।

9. आयोग ने विश्वविद्यालय छात्रावास में छात्राओं की सुरक्षा और सुरक्षा चिंताओं पर तथ्यान्वेषी जांच समिति की रिपोर्ट की समीक्षा की। शिकायत एक शोध छात्र, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश द्वारा की गई थी। जांच समिति की सिफारिशों को अनुपालन के लिए हितधारकों को भेजा गया था।

28 मई, 2020 को आयोजित आयोग की 204वीं बैठक

1. आयोग ने जम्मू और कश्मीर के सदस्य सचिव, राष्ट्रीय महिला आयोग की यात्रा रिपोर्ट की समीक्षा की और कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया और महिलाओं के खिलाफ अपराध की शिकायतों से निपटने में विशिष्ट कमियों पर सुझाई गई सिफारिशों को अपनाया। टिप्पणियों और सिफारिशों को आगे आवश्यक कार्रवाई करने के लिए संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेजा गया।

2. आयोग ने 11 मई, 2020 को महा निदेशक/महा निरीक्षकों(कारावास) के साथ ई–मीटिंग/वीडियो के कार्यवृत्त की पुष्टि की और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, गृह मंत्रालय और संबंधित राज्य के महा निदेशक/महा निरीक्षकों (कारावास) को भेजी गई सिफारिशों की पुष्टि की।

3. आयोग ने सभी वन स्टॉप सेंटर से प्रासंगिक जानकारी एकत्र करने के लिए प्रोफार्मा और मेल के माध्यम से देश के 683 कार्यरत वन स्टॉप केंद्रों को भिजवाने की पुष्टि की।

4. आयोग ने जेपियार इंजीनियरिंग कॉलेज, चेन्नई द्वारा प्रस्तुत ''तमिलनाडु और पांडिचेरी में निजी क्षेत्र में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन पर एक अध्ययन'' शीर्षक वाली रिपोर्ट की समीक्षा और अनुमोदन किया। रिपोर्ट की प्रति महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेजी गई है।

5. आयोग ने गुजरात के केंद्रीय विश्वविद्यालय, गांधीनगर को लिखित में सूचित करने का निर्णय लिया कि ''अंडरस्टैंडिंग जेंडर, कास्ट एंड द सिंबलिक इकोनॉमिक्स ऑफ वायलेंसः ए स्टडी इन द बुद्ध डिस्ट्रिक्ट ऑफ ओडिशा'' शीर्षक वाली रिपोर्ट स्वीकार्य नहीं है। इसलिए, आयोग द्वारा तीसरी किस्त उचित रिपोर्ट प्राप्त होने तक जारी नहीं की जा सकती है

6. आयोग ने विचार–विमर्श किया और कार्यसूची मद 'कृषि क्षेत्र में महिलाओं' को स्थगित करने का निर्णय लिया। सदस्यों से अनुरोध किया गया था कि वे कार्यसूची मद को देखें और सदस्यों की टिप्पणियों को प्राप्त करने के बाद आयोग की अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

7. आयोग ने 'महिला नेतृत्व वाले उद्यमों की सहायता के लिए प्रभावी तरीकों' पर परामर्श के कार्यवृत्त

की पुष्टि की और परियोजना पर आगे की कार्रवाई करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी– 'सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग –एमएसएमई के सहयोग से 'महिला नेतृत्व वाले उद्यमों की सहायता की।

22 जून, 2020 को आयोजित आयोग की 205वीं बैठक

1. आयोग ने वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग के वार्षिक लेखों की समीक्षा की और उन्हें स्वीकृति प्रदान की। इसके बाद, इसे महानिदेशक, लेखा परीक्षा केंद्रीय व्यय, नई दिल्ली के कार्यालय को भेजा जाना है।

2. आयोग ने सिक्किम में महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण पर एक अध्ययन के संचालन के लिए सिक्किम राज्य महिला आयोग को धनराशि जारी करने की समीक्षा की और कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

3. आयोग ने "कृषि क्षेत्र में महिलाएं: एक बेहतर भूमिका की सुविधा पर परामर्श" पर वेबिनार की चर्चा से उभरे कार्यवृत्त और इसकी सिफारिशों की समीक्षा की और कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

4. आयोग ने सभी वन स्टॉप सेंटर से प्रासंगिक जानकारी एकत्र करने के लिए प्रोफार्मा की पुष्टि की और प्रासंगिक जानकारी एकत्र करने के लिए मेल के माध्यम से देश के 683 कार्यरत वन स्टॉप केंद्रों को भिजवाने की मंजूरी दी।

24 जुलाई, 2020 को आयोजित आयोग की 206वीं बैठक

1. आयोग ने श्रीमती राजुलबेन एल देसाई, सदस्य द्वारा गुजरात राज्य की अपनी यात्रा के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और संबंधित सदस्य द्वारा की गई विशिष्ट गतिविधियों के लिए कार्योत्तर अनुमोदन निम्नानुसार प्रदान किया:

   i. जिला विधि महाविद्यालय दीसा, बनासकांठा के अपने दौरे के दौरान "केंद्र/राज्य सरकार की महिला कल्याण योजना" शीर्षक विषय पर चर्चा।

   ii. हेमचन्द्राचार्य उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय, जिला पाटन, गुजरात में "महिला सुरक्षा और साइबर अपराध" पर कानून में निहित विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा,

   iii. नडियाद,गुजरात में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक के दौरान महिला सशक्तिकरण योजनाओं– महिलाओं के कानूनी अधिकार और कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न अधिनियम (पोश/POSH),घरेलू हिंसा अधिनियम और अन्य महिला अधिकारों के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर विचार–विसर्श किया गया।

   iv. सोनावाला लॉ कॉलेज, नडियाद द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन।

   v. गुजरात राज्य युवक बोर्ड, गांधीनगर द्वारा आयोजित महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के लिंग भेदभाव और सामाजिक कानूनी मुद्दों पर विचार–विमर्श।

2. आयोग ने निम्नानुसार समीक्षा की और कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया:

   i. रा.म.आ. भवन में सुरक्षा सेवाएं प्रदान करने की दिशा में,मेसर्स सत्य ओम सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के अनुबंध का 3 महीने 09/05/2020 से 08/08/2020 तक की अवधि के लिए विस्तार

   ii. एयर कंडीशनर के वार्षिक रखरखाव के लिए मेसर्स ब्लू स्टार लिमिटेड के साथ हुए अनुबंध को 5 महीने अर्थात 15/04/2020 से 14/09/2020 तक की अवधि के लिए बढ़ाया गया।

   iii. रा.म.आ. में डीएलवाई टैक्सी किराए पर लेने के लिए मेसर्स आरके मोटर्स के साथ अनुबंध का विस्तार 3 महीने अर्थात 1 मई 2020 से 31 जुलाई 2020 तक की अवधि के लिए किया गया।

   iv. मैसर्स अंगद कार रेंटल से 5 डीएलवाई टैक्सी किराए पर लेने के लिए 1 अगस्त 2020 से 31 जुलाई 2022 तक यानि 2 साल की अवधि के लिए अनुबंध किया गया।

3. आयोग ने 31/03/2021 तक के लिए टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS) के साथ 7 राज्यों (असम, बिहार, मध्य प्रदेश, मेघालय, उड़ीसा, पंजाब और तमिलनाडु) में हिंसा मुक्त गृह पायलट परियोजना हेतु समझौता ज्ञापन किया था। इस अवधि से आगे कोई विस्तार नहीं किया गया।

4. आयोग ने दिल्ली में हिंसा मुक्त गृह पायलट परियोजना के तहत दिल्ली पुलिस को पहली किस्त जारी करने की समीक्षा की और उसे मंजूरी दी।

5. आयोग ने 7 राज्यों (असम, बिहार, मध्य प्रदेश, मेघालय, उड़ीसा, पंजाब और तमिलनाडु) के लिए हिंसा मुक्त गृह पायलट परियोजना के बजट अनुमानों की समीक्षा की और उन्हें मंजूरी दी।

दिनांक 25.08.2020 को आयोजित आयोग की 207वीं बैठक

1. आयोग ने वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्रों के संबंध में वेबिनार आयोजित करने के लिए ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित करते हुए दिनांक 12 मई, 2021 को एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया और वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान वेबिनार और अपेक्षित दस्तावेजों की प्राप्ति के बाद धनराशि जारी करने के लिए 10 वेबिनार के लिए कार्योत्तर वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।

2. आयोग ने क्रिश्चियन एजेंसी फॉर रूरल डेवलपमेंट (CARD) द्वारा प्रस्तुत "वायनाड जिले में पुलपल्ली ग्रामपंचायत के विशेष संदर्भ के साथ आदिवासी महिलाओं के बीच पोषण संबंधी मुद्दों का आकलन" शीर्षक वाली रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया और उपयोगिता प्रमाण पत्र के अनुसार भुगतान जारी करने को मंजूरी दे दी। रिपोर्ट की एक प्रति महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेजी जाएगी।

3. आयोग ने आर्थिक विकास की निगरानी और शेष भुगतान जारी करने के लिए संस्थान द्वारा प्रस्तुत शोध अध्ययन "केरल में महिलाओं के भूमि अधिकार सीमांत समुदायों पर विशेष ध्यान देने के साथ" स्वीकार कर लिया। रिपोर्ट की एक प्रति महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेजी जाएगी।

4. आयोग ने 17 जुलाई, 2020 को आयोजित 'विवाह की आयु और मातृत्व की समीक्षा' के मुद्दे पर विचार–विमर्श के आधार पर रिपोर्ट की समीक्षा की और उसे कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया और इसे दिनांक 10 अगस्त, 2020 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को अर्ध शासकीय पत्र द्वारा भिजवाया गया।

5. आयोग ने एनबीसीसी सर्विस लिमिटेड के पिछले वर्ष के संतोषजनक कार्य प्रदर्शन और वार्षिक आधार पर अलग से अनुमोदन के अधीन तीन साल के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग में सिविल, इलेक्ट्रिकल और आईटी उपकरणों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) और व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) हेतु कार्योत्तर अनुमोदन की समीक्षा की और मंजूरी दी।

6. आयोग ने एक महिला द्वारा लड़के को जन्म देने की शिकायत के संबंध में जांच समिति की रिपोर्ट की समीक्षा की लेकिन होली क्रॉस अस्पताल, कुनकुरी, छत्तीसगढ़ अस्पताल के अधिकारियों ने इस तथ्य से इनकार किया और बताया कि वह गर्भवती भी नहीं थी। जांच समिति ने शिकायत की मौके पर जांच की। जांच समिति की रिपोर्ट की टिप्पणियों और सिफारिशों के अनुसार आगे की कार्रवाई के लिए जांच समिति की रिपोर्ट पर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़, पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ और गृह मंत्रालय के साथ विचार–विमर्श किया गया ।

7. आयोग ने महिलाओं की तस्करीः उभरती चुनौतियाँ, बाधाएं और पुनर्वास प्रावधान और संबंधित मंत्रालयों को की गई कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) के विषय पर वेबिनार के कार्यवृत्त पर विचार–विमर्श किया और अनुमोदन प्रदान किया।

8. आयोग ने राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के सहयोग से जमीनी स्तर पर महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम के संचालन के लिए लागत मानदंड शुरू करने के लिए दिशानिर्देशों की समीक्षा की और कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

9. आयोग ने गैर–पूर्वोत्तर क्षेत्रों के संबंध में वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान वेबिनार आयोजित करने के लिए ऑनलाइन प्रस्तावों को आमंत्रित करते हुए दिनांक 12.05.2020 को सार्वजनिक नोटिस जारी किया और विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित 101 वेबिनार आयोजित करने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की और व्यय का 50 प्रतिशत अपेक्षित दस्तावेज प्राप्त होने पर जारी करने के निर्देश के साथ वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।

11.09.2020 को आयोजित आयोग की 208वीं बैठक

1. 'मेट्रो शहरों में पूर्वोत्तर महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं और चुनौतियों का समाधान और उन्हें सशक्त बनाना' विषय पर आयोजित वेबिनार की रिपोर्ट को कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। 29.07.2020 को आयोजित वेबिनार का उद्देश्य पूर्वोत्तर महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले पूर्वाग्रहों/भेदभावों पर विचार–विमर्श करना था। वेबिनार के परिणामस्वरूप समस्याओं और सिफारिशों की व्यापक समझ प्राप्त कर क्षेत्र की महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त रणनीतियाँ तैयार की जा सकती हैं। श्री किरेन रिजिजू (MoS, युवा मामले मंत्रालय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय) ने माननीय मुख्य अतिथि के रूप में वेबिनार की शोभा बढ़ाई। उनके साथ उत्तर पूर्वी क्षेत्र

विकास मंत्रालय, उत्तर पूर्वी परिषद और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के विशेष पुलिस बल (SPUNER) के वरिष्ठ प्रतिनिधि, राज्य समाज कल्याण विभागों और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के महिला आयोग के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य उल्लेखनीय पैनलिस्टों सहित वकील, शिक्षाविद, नागरिक समाज संगठन आदि शामिल थे।

2. आयोग ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के संबंध में दस्तावेजी आधार पर विशेषज्ञ समिति द्वारा अनुशंसित 15 वेबिनार आयोजित करने की समीक्षा की और कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

3. आयोग ने 20 अगस्त, 2020 को आयोजित मनश्चिकित्सीय गृहों के निदेशक/चिकित्सा अधीक्षकों के साथ आयोग की ई–बैठक/वीडियो सम्मेलन के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

4. आयोग ने गैर–पूर्वोत्तर क्षेत्रों और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों (एनईआर) में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम के संचालन के लिए राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण को निधियां जारी करने की समीक्षा की और कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

5. आयोग ने 21 अगस्त 2020 को आयोजित 'भारत में महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध' पर वेबिनार के कार्यवृत्त की पुष्टि की और कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) संबंधित मंत्रालयों को अग्रेषित की गई।

आयोग की 209वीं बैठक 12.10.2020 को आयोजित

1. आयोग ने – लिंग, जाति और हिंसा के प्रतीकात्मक अर्थशास्त्र को समझनाः – विषय पर गुजरात के केंद्रीय विश्वविद्यालय, गांधीनगर द्वारा प्रस्तुत अनुसंधान अध्ययन की पुष्टि की – उड़ीसा के बुद्ध जिले में अध्ययन के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र और भुगतान जारी करने के लिए अनुमोदन प्रदान किया। रिपोर्ट महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को प्रषित की गई।

2. आयोग ने वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के दिनांक 17 सितंबर, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 7(1)/E-Coord/2019 के तहत स्टाफ कार की अनुपयोगिता के कारण आधिकारिक उपयोग के लिए GeM के माध्यम से मारुति सुजुकी "डिजायर" वाहन की खरीद के लिए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।

3. आयोग ने मिजोरम विश्वविद्यालय, आइजोल द्वारा प्रस्तुत "मिजोरम के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत महिला शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य" नामक शोध अध्ययन की समीक्षा की और उसे स्वीकार किया।

4. आयोग ने परी (People Against Rape in India) के संस्थापक के मामले में रा.म.आ. में प्राप्त शिकायतों के आधार पर जांच समिति की सिफारिशों की समीक्षा की, शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि आईएमजी वेंचर्स कंपनी, मुख्यालय चंडीगढ़ के संस्थापक द्वारा देश भर में कई लड़कियों के साथ यौन–उत्पीड़न और मानसिक हमले किए गए हैं। आयोग ने जांच समिति की रिपोर्ट को पुलिस महानिदेशक, चंडीगढ़ के साथ पत्र दिनांक 22 सितंबर, 2020 के माध्यम से जांच समिति की रिपोर्ट की टिप्पणियों और सिफारिशों के अनुसार आगे की कार्रवाई के लिए साझा किया।

18.11.2020 को आयोजित आयोग की 210वीं बैठक

1. आयोग ने 29 सितंबर 2020 को रा.म.आ. द्वारा आयोजित "मातृ और बाल पोषण" पर वेबिनार के

कार्यवृत्त की पुष्टि की और इसे महिला एवं वाल निकास मंत्रालय को प्रेषित किया।

2. आयोग ने 8 राज्यों (अर्थात उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और असम) के जिलों को कवर करने के लिए राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (NALSA) के सहयोग से जमीनी स्तर पर महिलाओं के लिए 'कानूनी जागरूकता कार्यक्रम' के शुभारंभ की समीक्षा की। रा.म.आ. ने नालसा को गैर–पूर्वोत्तर क्षेत्रों और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम के संचालन के लिए भुगतान जारी करने के लिए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।

3. आयोग ने ''निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारीः पूर्वोत्तर क्षेत्र'' विषय पर 24.09.2020 को आयोजित एक आभासी संगोष्ठी (वेबिनार) की समीक्षा की ताकि यह समझा जा सके कि निर्णय लेने में महिलाओं की अधिक साझेदारी महिलाओं को सशक्त बनाने और लैंगिक समानता के लिए मार्ग प्रशस्त करती है और उसे कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया। वेबिनार में सुश्री अगाथा संगमा(सांसद,लोकसभा), राज्य समाज कल्याण विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के राज्य महिला आयोगों ने भाग लिया था। अन्य प्रख्यात पैनलिस्टों में उल्लेखनीय सामाजिक कार्यकर्ता, सरकारी कर्मचारी, पत्रकार, शिक्षाविद, नागरिक समाज संगठन आदि शामिल थे।

4. सामाजिक सूचना प्रणाली में एसिड अटैक के मामलों की स्थिति पर चर्चा करने के लिए आयोग ने नोडल अधिकारियों के साथ 22 अक्टूबर, 2020 को आयोग की ई–मीटिंग/वीडियो कॉन्फ्रेंस के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

5. आयोग ने महाराष्ट्र राज्य में नाबालिग लड़कियों और महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा और उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं के संबंध में शिकायत पर जांच समिति की सिफारिशों की समीक्षा की और समिति की सिफारिशों को पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र और मुख्य सचिव, महाराष्ट्र के साथ साझा किया।

18.12.2021 को आयोजित आयोग की 211वीं बैठक

1. वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान गैर–उत्तर पूर्व क्षेत्र के संबंध में आयोग ने "साइबर सुरक्षा– विशेषतः महिला उपयोगकर्ताओं के लिए साइबर स्पेस के तहत चुनौतियां" विषय पर अध्ययन के लिए 5 प्रस्तावों और – "महिला मानसिक स्वास्थ्य " विषय पर अध्ययन के लिए 6 प्रस्तावों की समीक्षा की और कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

2. आयोग ने वर्ष 2020–21 के लिए गैर–उत्तर पूर्व क्षेत्र के संबंध में ''साइबर सुरक्षा–विशेषतः महिला उपयोगकर्ताओं के लिए साइबर स्पेस के तहत चुनौतियां'' पर दो शोध प्रस्तावों और ''महिला मानसिक स्वास्थ्य'' पर एक शोध प्रस्ताव की समीक्षा की और कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

3. आयोग ने *''राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)–लैंगिक संवेदनशीलता और समावेशन''* पर आयोजित वेबिनार के कार्यवृत्त की समीक्षा कर अनुमोदन प्रदान किया। यह वेबिनार लड़कियों के बीच सकल नामांकन अनुपात में सुधार करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अंतर्गत जेंडर को मुख्यधारा में लाने, जेंडर न्यूट्रल टीचिंग को प्रोत्साहित करने और 'जेंडर–इनक्लूजन फंड' पर ध्यान केंद्रित कर सभी छात्रों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समान पहुंच से संबंधित था। वेबिनार के कार्यवृत्त को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और सभी प्रतिभागियों को परिचालित किया गया।

4. आयोग ने जमानत पर चल रहे आरोपियों से सामूहिक बलात्कार की पीड़िता को जान से मारने की कथित धमकी के संबंध में एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया। माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग के नेतृत्व में एक टीम ने 03/12/2020 को रेवाड़ी का दौरा किया। समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की पुष्टि की गई और आवश्यक कार्यवाही हेतु राज्य सरकार को भेज दी गई।

15.01.2021 को आयोजित आयोग की 212वीं बैठक

1. आयोग ने 8 राज्यों (अर्थात उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और असम) के जिलों को कवर करने के लिए गैर–पूर्वोत्तर क्षेत्रों और उत्तर पूर्व क्षेत्रों में राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (NALSA) के सहयोग से जमीनी स्तर पर महिलाओं के लिए 'कानूनी जागरूकता कार्यक्रम' के शुभारंभ की समीक्षा की।

2. "महिला श्रम बल भागीदारी दर (FLFPR)" पर विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र से संबंधित कामकाजी महिलाओं पर प्रचलित कानूनों के प्रभाव की पहचान करने के लिए आयोग ने श्रम विभाग, राज्य महिला विभाग, राज्य महिला आयोगों के प्रतिनिधियों, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, वकील और शिक्षाविदों के परामर्श से वी.वी. गिरि नैशनल लेबर इंस्टीट्यूट द्वारा उक्त विषय पर समेकित और संकलित रिपोर्ट की पुष्टि की। भारत में कामगार महिलाओं के प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के लिए संबंधित राष्ट्रीय विधिक विश्वविद्यालयों (NLUs) एवं वी.वी. गिरि नैशनल लेबर इंस्टीट्यूट के सहयोग से आयोग ने गुजरात, उड़ीसा, दिल्ली, आसाम और तमिलनाडु में 5 क्षेत्रीय परामर्श आयोजित किए।

3. घरेलू हिंसा– महिलाओं के अधिकारों को लागू करने के लिए कानूनी ढांचा, प्रवासी कामगार महिलाओं विषयों पर शोध अध्ययन आयोजित करने के लिए आयोग ने 11 (ग्यारह) प्रस्तावों की समीक्षा कर, गैर–पूर्वोत्तर से 6 और उत्तर पूर्व से 5 प्रस्तावों के चयन के लिए वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान धन की उपलब्धता के आधार पर सशर्त प्रशासनिक अनुमोदन दिया।

4. आयोग ने 31.01.2021 को राष्ट्रीय महिला आयोग का स्थापना दिवस मनाने के साथ–साथ कोविड–महिला योद्धाओं ''द रियल हीरोज'' को सम्मानित किया।

16.02.2021 को आयोजित आयोग की 213वीं बैठक

1. आयोग ने एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया ''यूपी के बदायूं में महिला के साथ सामूहिक बलात्कार, क्रूरताः 2 गिरफ्तार, एसएचओ निलंबित'' दिनांक 06.01.2021 की कई समाचार रिपोर्ट में दिखाई दिया। आयोग ने मामले की जांच के लिए तथ्यान्वेषी दल का गठन किया है। आयोग ने मामले के तथ्यों और परिस्थितियों की जांच करने के बाद तथ्यान्वेषी दल की रिपोर्ट उचित कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को अग्रेषित की।

2. आयोग ने टाटा समाज विज्ञान संस्थान, मुंबई के सहयोग से पंचायती राज संस्थानों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की क्षमता निर्माण के लिए मॉड्यूल विकसित किए और इन्हें 28.11.2016 को आयोजित आयोग की बैठक में अनुमोदित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान और पंचायती राज (एनआईडीपीआर), हैदराबाद द्वारा प्रस्तुत प्रभाव आकलन रिपोर्ट सहित अंतिम रिपोर्ट की समीक्षा की गई और अनुमोदित किया गया। जीएफआर–12ए में संतोषजनक उपयोगिता प्रमाण पत्र और व्यय

का लेखापरीक्षित विवरण प्राप्त होने पर खातों का निपटान किया जाएगा।

3. रा.म.आ. भवन के विभिन्न प्रकोष्ठों और अनुभागों में स्थापना के लिए आयोग ने मेसर्स डी सेल्स कार्पोरेशन, नई दिल्ली को 23 डोम और 2 बुलेट कैमरों और एक्सेसरीज की खरीद के आदेश देने के लिए समीक्षा की और कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

4. आयोग ने ''मानसिक स्वास्थ्य के बिना महिलाओं का स्वास्थ्य या कल्याण नहीं'' पर वेबिनार के कार्यवृत्त की समीक्षा की और अनुमोदन प्रदान किया और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, संबंधित मंत्रालयों/विभागों और सभी प्रतिभागियों को परिचालित किया।

17 मार्च, 2021 को आयोजित आयोग की 214वीं बैठक

1. आयोग ने 25 और 27 नवंबर, 2020 के बीच आयोजित ''इंडिया अगेंस्ट एब्यूज ऑन वीमेन'' के संबंध में वेबिनार की सिफारिशों/टिप्पणियों की समीक्षा और अनुमोदन किया और इसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और अन्य संबंधित मंत्रालयों/विभागों और सभी प्रतिभागियों को परिचालित करने का निर्णय लिया।

2. आयोग ने दिनांक 01.02.2021 को हुई राज्य महिला आयोगों के साथ हुई संवादात्मक बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की और निर्णय लिया कि निजी आश्रय गृहों (गैर सहायता प्राप्त)/समाज कल्याण विभाग/राज्य महिला आयोग की सूची राज्य के संबंधित महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त की जाए।

3. आयोग ने राष्ट्रीय महिला आयोग के संविदात्मक और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि सुविधा की समीक्षा की और कार्यान्वयन अनुमोदन किया।

4. नवगठित केंद्र शासित प्रदेशों–जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख से प्राप्त शिकायतों से निपटने और इन दोनों केंद्र शासित प्रदेशों की महिलाओं की विकास गतिविधियों को भी देखने के लिए आयोग ने एक नया प्रकोष्ठ जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख – 01.04.2021 से बनाने का निर्णय लिया ।

5. आयोग ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों का निपटान करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (TISS), मुंबई के सहयोग से हिंसा मुक्त घर– एक महिला का अधिकार पायलट परियोजना शुरू करने का निर्णय लिया।

6. आयोग ने इच्छुक महिला उद्यमियों के लिए छह सप्ताह के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की, जिसका नाम है, ''उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना'' भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर के सहयोग से कार्यक्रम को आधिकारिक तौर पर 4 मार्च, 2021 को लॉन्च किया गया था और MyGov PORTAL पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

उपाबंध-IV

वर्ष 2020–21 के दौरान वित्तपोषित वेबिनारों का विवरण

क्र.	संगठन का नाम	विषय
1	किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली	घरेलू हिंसा – घरेलू हिंसा अधिनियम का कार्यान्वयन और उसकी प्रभावशीलता
2	डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू, इन्दौर,मध्यप्रदेश	प्रवासी महिला कामगार – समस्याएं एवं चुनौतियाँ
3	महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा सामाजिक कार्य संकाय, वडोदरा, गुजरात	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण
4	नॉर्थकैप विश्वविद्यालय, गुडगाँव, हरियाणा	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता
5	छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, मंधार, रायपुर छत्तीसगढ़	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण
6	आचार्य स्नातक अध्ययन संस्थान, बेंगलुरु, कर्नाटक	प्रवासी महिला कामगार – समस्याएं एवं चुनौतियाँ
7	गौतम बुद्ध महिला कॉलेज,दुर्गा बाड़ी, गया बिहार	घरेलू हिंसा – महिलाओं के खिलाफ हिंसाः परामर्श द्वारा सहायता
8	महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ,वाराणसी, उत्तर प्रदेश	प्रवासी महिला कामगार – समस्याएं एवं चुनौतियाँ
9	प्रगति पथ फाउंडेशन, पहाड़िया, वाराणसी–221007	प्रवासी महिला कामगार – समस्याएं एवं चुनौतियाँ
10	प्रज्ञा मानव कल्याण संस्थान ट्रस्ट, भोपाल, मध्य प्रदेश	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
11	भारती कला निकेतन शिक्षा समिति,महादेव नगर राज श्री सदन तरंग रोड, देवरिया, उत्तर प्रदेश	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता

क्र.	संगठन का नाम	विषय
12	गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, रोहिणी,उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
13	वैमानिकी इंजीनियरिंग संस्थान, मेडचाल, तेलंगाना	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता
14	भरथियार विश्वविद्यालय, महिला अध्ययन विभाग कोयंबटूर, तमिलनाडु	घरेलू हिंसा – घरेलू हिंसा अधिनियम का कार्यान्वयन और उसकी प्रभावशीलता
15	पिंपरी चिंचवाड़ प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, पुणे प्राधिकरण, निगडी, पिंपरी–चिंचवाड़,महाराष्ट्र	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण
16	डॉ. वीरेंद्र स्वरूप इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश	प्रवासी महिला कामगार – कानून और नीतिगत उपायों के जमीनी स्तर पर प्रभाव को लागू करने/विश्लेषण करने की चुनौतियाँ
17	MDSD बालिका महाविद्यालय, अंबालाशहर, हरियाणा	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण
18	अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान जनकपुरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली	प्रवासी महिला कामगार – समस्याएं और चुनौतियाँ
19	शासकीय प्रौद्योगिकी एवं शोध महाविद्यालय, अवसारी (खुर्द) अम्बेगांव, जिलारू पुणे, महाराष्ट्र	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
20	सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे, महाराष्ट्र	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
21	मामो कॉलेज, मनस्सेरी मुक्कम, कोषिकोड़, केरल	घरेलू हिंसा – घरेलू हिंसा अधिनियम का कार्यान्वयन और उसकी प्रभावशीलता
22	ट्राइडेंट एकेडमी ऑफ टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर, उड़ीसा	साइबर अपराध – डिजिटल स्पेस में महिलाओं का उत्पीड़न
23	समर्पण ट्रस्ट, मंडली, तह. बेचराजी, मेहसाणा, गुजरात	प्रवासी महिला कामगार – समस्याएं एवं चुनौतियाँ
24	एन.आई.टी. रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता

क्र.	संगठन का नाम	विषय
25	रुक्मिणी देवी इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज, रोहिणी, दिल्ली,	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण
26	एक्शन एड एसोसिएशन, नई दिल्ली	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं एवं चुनौतियाँ
27	करियर पॉइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर डॉ अनुपम मन्हास डिपार्टमेंट ऑफ लॉ करियर पॉइंट यूनिवर्सिटी, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
28	विकास भारती सेवा चौरिटेबल ट्रस्ट मंडली, तालुकाः चानस्मामेहसाणा, गुजरात	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य और सेहत
29	रॉयनगर सोसाइटी फॉर यूथ दक्षिण 24 परगना पश्चिम बंगाल	प्रवासी महिला श्रमिक – महिला प्रवासी श्रमिक और श्रम कानूनः अंतराल की पहचान करना और उपचारात्मक उपायों की खोज करना
30	ह्यूमन यूनिक मोमेंट डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन पिपलानी, भोपाल, मध्य प्रदेश	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
31	अखिल भारतीय समाज कल्याण संस्थान बकरगंज, बारीपथ पटना, पटना, बिहार	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण
32	तमिलनाडु राज्य महिला आयोग कलशा महल, चेपौक, चेन्नई, तमिलनाडु	घरेलू हिंसा – महिलाओं के खिलाफ हिंसाः परामर्श द्वारा सहायता
33	जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) कृषि महाविद्यालय कुंडेश्वर रोड टीकमगढ़ (म.प्र.)	प्रवासी महिला कर्मचारी – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं एवं चुनौतियाँ
34	बरहामपुर विश्वविद्यालय, भांजा बिहार, उड़ीसा, स्नातकोत्तर विधि विभाग, बरहामपुर विश्वविद्यालय, भांजा बिहार, उड़ीसा	घरेलू हिंसा – घरेलू हिंसा अधिनियम का कार्यान्वयन और उसकी प्रभावशीलता
35	महिला ग्राम विकास शिक्षा प्रसार समिति, सावन, नीमच, मध्य प्रदेश	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
36	बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर, बिहार	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता
37	एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश	साइबर अपराध – डिजिटल स्पेस में महिलाओं का उत्पीड़न

क्र.	संगठन का नाम	विषय
38	गुरहट्टा महिला जन कल्याण संस्थान, पटना सिटी, पटना, बिहार	साइबर अपराध – डिजिटल स्पेस में महिलाओं का उत्पीड़न
39	के.आर.एम.डी.ए.वी. कॉलेज, नकोदर, जिला जालंधर, पंजाब	अप्रवासी भारतीय विवाह – अप्रवासी भारतीय विवाह से संबंधित मुद्दे विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय निजी कानूनों के साथ घरेलू कानूनों का सामंजस्य स्थापित करना, जिसमें पूर्व–विवाह समझौते ऐसे विवाहों में मुद्दों को हल करने में मदद कर सकते हैं।
40	राजगिरी आउटरीच सर्विस सोसाइटी कलमश्शेरी कोच्चि, एर्नाकुलम केरल	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण
41	एमिटी विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान	घरेलू हिंसा – महिलाओं के खिलाफ हिंसाः परामर्श द्वारा सहायता
42	सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण
43	गुरु नानक कॉलेज फॉर गर्ल्स, श्री मुक्तसर साहिब (पंजाब)	साइबर अपराध – डिजिटल स्पेस में महिलाओं का उत्पीड़न
44	कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल, अल्मोड़ा, उत्तराखंड	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
45	हैदराबाद विश्वविद्यालय, गाचीबोवली, हैदराबाद	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
46	कुंवर सिंह कॉलेज, दरभंगा, बिहार	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं एवं चुनौतियाँ
47	कचरिया चंद्रावत एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी, तहसीलः मल्हारगढ़ मन्दसौर, मध्य प्रदेश	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याए एवं चुनौतियाँ
48	एमिटी यूनिवर्सिटी जयपुर, राजस्थान	साइबर अपराध – डिजिटल स्पेस में महिलाओं का उत्पीड़न
49	स्कूल ऑफ लॉ, शारदा यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं एवं चुनौतियाँ
50	स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, नांदेड़, विष्णुपुरी नांदेड़, महाराष्ट्र	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता

क्र.	संगठन का नाम	विषय
51	एमिटी लॉ स्कूल नोएडा, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा, उत्तर प्रदेश	साइबर अपराध – डिजिटल स्पेस में महिलाओं का उत्पीड़न
52	शहरी और पर्यावरण क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं एवं चुनौतियाँ
53	ग्रामोदय शिक्षा संस्थान कैम्पस– धीरू भाई अंबानी विद्यालय प्रयागराज (इलाहाबाद), उत्तर प्रदेश	साइबर अपराध – डिजिटल स्पेस में महिलाओं का उत्पीड़न
54	के.वी.एन.नाइक शिक्षण प्रसारक संस्थान, कला और वाणिज्य महाविद्यालय, नासिक, महाराष्ट्र	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
55	मां गौरिया शिक्षण एवं प्रशिक्षण सोसायटी, दुर्ग, छत्तीसगढ़	साइबर अपराध – डिजिटल स्पेस में महिलाओं का उत्पीड़न
56	एल.के.वी.डी. कॉलेज, पूसा रोड, रहीमाबाद, समस्तीपुर, बिहार	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण
57	किरूबा एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट, कन्याकुमारी, तमिलनाडु	घरेलू हिंसा – घरेलू हिंसा अधिनियम का कार्यान्वयन और उसकी प्रभावशीलता
58	महुदिया श्री ज्ञानदेव शिक्षण समिति, नीमच, मध्य प्रदेश	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं एवं चुनौतियाँ
59	एमिटी विश्वविद्यालय, बेली रोड, पटना, बिहार	घरेलू हिंसा – घरेलू हिंसा अधिनियम का कार्यान्वयन और उसकी प्रभावशीलता
60	एमराल्ड्स एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, कोडंदरामपुरम, तिरुपति, चित्तूर जिला, आंध्र प्रदेश	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता
61	योगी वेमना विश्वविद्यालय, कडपा, आंध्र प्रदेश	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता
62	बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर, बिहार	घरेलू हिंसा – घरेलू हिंसा अधिनियम का कार्यान्वयन और उसकी प्रभावशीलता
63	पसुम्पोन मुथुरामलिंगम थेवर कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, मदुरै, तमिलनाडु	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
64	पेरियार विश्वविद्यालय, पेरियार, सेलम, तमिलनाडु	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता

क्र.	संगठन का नाम	विषय
65	श्री रामकृष्ण इंजीनियरिंग कॉलेज, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, कोयंबतूर, तमिलनाडु	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
66	तमिलनाडु डॉ. अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, चेन्नई,	साइबर अपराध – डिजिटल स्पेस में महिलाओं का उत्पीड़न
67	सामाजिक विकास संस्थान, चित्रकूट, उत्तर प्रदेश	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं एवं चुनौतियाँ
68	श्री सरस्वती त्यागराज कॉलेज, पलनी, कोयंबत्तूर, तमिलनाडु	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता
69	मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज, ताम्बरम, चेन्नई, कांचीपुरम, तमिलनाडु	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
70	वनिता ज्योति महिला संगम, महबूबनगर, तेलंगाना	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं एवं चुनौतियाँ
71	एमिटी यूनिवर्सिटी जयपुर, राजस्थान	घरेलू हिंसा – महिलाओं के खिलाफ हिंसाः परामर्श द्वारा सहायता
72	मद्रास विश्वविद्यालय, महिला अध्ययन विभाग, मद्रास विश्वविद्यालय,चेन्नई, तमिलनाडु	घरेलू हिंसा – घरेलू हिंसा अधिनियम का कार्यान्वयन और उसकी प्रभावशीलता
73	सेक्रेड हार्ट कॉलेज (स्वायत्त), तिरुपत्तूर, तमिलनाडु	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं एवं चुनौतियाँ
74	भरथियार विश्वविद्यालय, कोयंबत्तूर, तमिलनाडु	घरेलू हिंसा – घरेलू हिंसा अधिनियम का कार्यान्वयन और उसकी प्रभावशीलता
75	आचार्य स्नातक अध्ययन संस्थान, आचार्य डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन रोड, बैंगलोर, कर्नाटक	अप्रवासी भारतीय विवाह – अप्रवासी भारतीय विवाह से संबंधित मुद्दे विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय निजी कानूनों के साथ घरेलू कानूनों का सामंजस्य स्थापित करते हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि पूर्व–विवाह समझौते ऐसे विवाहों में मुद्दों को हल करने में कैसे मदद कर सकते हैं।
76	समुदाय और ग्रामीण शैक्षिक समाज, तेनाली, गुंटूर, आंध्र प्रदेश	घरेलू हिंसा – घरेलू हिंसा अधिनियम का कार्यान्वयन और उसकी प्रभावशीलता
77	प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट,ग्वालियर, मध्य प्रदेश	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
78	बी.एल. अमलानी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, विलेपार्ले, मुंबई उपनगरीय, महाराष्ट्र	साइबर अपराध – डिजिटल स्पेस में महिलाओं का उत्पीड़न

क्र.	संगठन का नाम	विषय
79	एसपी कॉलेज, सर्वधाम परिसर,सिरोही, राजस्थान	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण
80	कोंगु इंजीनियरिंग कॉलेज, इरोड, तमिलनाडु	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता
81	सेंट एन महिला महाविद्यालय, हैदराबाद, तेलंगाना	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं और चुनौतियाँ
82	शंकर कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स, कोयंबत्तूर, तमिलनाडु	साइबर अपराध – डिजिटल स्पेस में महिलाओं का उत्पीड़न
83	कर्नाटक राज्य अक्कमहादेवी महिला विश्वविद्यालय, विजयपुर, कर्नाटक	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता
84	केबीएन महाविद्यालय, विजयवाड़ा–1,कृष्णा, आंध्र प्रदेश	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं एवं चुनौतियाँ
85	मौलाना आजाद कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, आंतरिक शिकायत समिति, औरंगाबाद, महाराष्ट्र	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण
86	शिवाजी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय,रिंग रोड, राजा गार्डन, नई दिल्ली	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण
87	अनुसंधान संस्थान राजगिरी, कोच्चि, एरणाकुलम, केरल	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
88	नोबल महाविद्यालय, राजाखेड़ी, मकरोनिया सागर, मध्यप्रदेश	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
89	शाहजी विधि महाविद्यालय, कोल्हापुर, महाराष्ट्र	प्रवासी महिला श्रमिक – महिला प्रवासी श्रमिक और श्रम कानूनः अंतराल की पहचान करना और उपचारात्मक उपायों की खोज करना
90	मानव विज्ञान विभाग, मद्रास विश्वविद्यालय चेन्नई, तमिलनाडु	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं एवं चुनौतियाँ
91	प्रथम समाज सेवी संस्था, कानपुर रोड, इटावा, उत्तर प्रदेश	साइबर अपराध – डिजिटल स्पेस में महिलाओं का उत्पीड़न
92	राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं शोध विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां

क्र.	संगठन का नाम	विषय
93	बीएन पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, आनंद, गुजरात	साइबर अपराध – महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधः सावधानियां और रणनीतियां
94	आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चेतगंज, वाराणसी, उत्तर प्रदेश	प्रवासी महिला कामगार – प्रवासी महिला कामगारः समस्याएं एवं चुनौतियाँ
95	ए. वीरिया वंदयार मेमोरियल श्री पुष्पम कॉलेज, पूंडी, तंजावुर, तमिलनाडु	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण
96	आशा की किरण फाउंडेशन, उत्तर प्रदेश	महिला मानसिक स्वास्थ्य – भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता
97	छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भिलाई, रायपुर, छत्तीसगढ़	महिला मानसिक स्वास्थ्य – कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण
98	प्रभात कुमार महाविद्यालय, पूर्वी मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल	प्रवासी महिला कामगार – कानून और नीतिगत उपायों के जमीनी स्तर पर प्रभाव को लागू करने/विश्लेषण करने की चुनौतियाँ

उपाबंध-V

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान वित्त पोषित अनुसंधान अध्ययनों का विवरण

क्र.	संगठन का नाम	विषय
1	प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी संस्थान (UIET) पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़	साइबर सुरक्षा– विशेष रूप से महिला उपयोगकर्ताओं के लिए साइबर स्पेस के तहत चुनौतियां– पंजाब राज्य में महिला उपयोगकर्ताओं के खिलाफ साइबर अपराधों की जांच
2	श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज फॉर विमेन, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली–110026	साइबर सुरक्षा– विशेष रूप से महिला उपयोगकर्ताओं के लिए साइबर स्पेस के तहत चुनौतियां– महिलाओं के लिए साइबर स्पेस में चुनौतियां: 2020–21 में दिल्ली और एनसीआर के चुनिंदा क्षेत्र का एक अध्ययन
3	गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, गुजरात	गुजरात राज्य में विशेषतः महिला उपयोगकर्ताओं के संदर्भ में साइबर स्पेस के तहत साइबर सुरक्षा और चुनौतियां
4	नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बैंगलोर, कर्नाटक	साइबर सुरक्षा– साइबर स्पेस के तहत विशेष रूप से महिला उपयोगकर्ताओं के लिए चुनौतियां– साइबर सुरक्षा और महिलाएं: साइबर अपराध के समापन एवं समाधान में जागरुकता की भूमिका
5	जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय,सांबा, जम्मू और कश्मीर	साइबर सुरक्षा– साइबर स्पेस के अंतर्गत चुनौतियाँ विशेष रूप से महिला उपयोगकर्ताओं के लिए
6	सेंट जोसेफ महाविद्यालय (स्वायत्त), बैंगलोर, कर्नाटक	भारत के महानगरों में अंतरंग साथी हिंसा (आईपीवी) से बचे लोगों के मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता पर एक अध्ययन
7	जादवपुर विश्वविद्यालय, परगना, कोलकाता	घरेलू हिंसा का मुकाबला करने के सामाजिक–कानूनी आयामः घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 को लागू करने में चुनौतियां
8	कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय, ग्रीन कैंपस, दुडरहामा, जम्मू और कश्मीर	कश्मीर में घरेलू हिंसाः महिलाओं के अधिकारों को लागू करने के लिए कानूनी ढांचा

क्र.	संगठन का नाम	विषय
9	केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय,कासरगोड, केरल	महिला मानसिक स्वास्थ्य– मानसिक स्वास्थ्य पर कोविड–19 का प्रभावः केरल में महिलाओं में सामान्य मानसिक विकारों पर एक अध्ययन
10	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर, उडीसा	शहरी उडीसा में कामकाजी महिलाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य के मुद्देः पालन–पोषण, घरेलू हिंसा, यौनाचार संबंधी मनोचिकित्सा और व्यवसाय के साथ अंतर–संबंध
11	कश्मीर विश्वविद्यालय, हजरतबल, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर	महिला मानसिक स्वास्थ्य– कश्मीर में महिलाओं में मनोवैज्ञानिक संकट के जोखिम और सुरक्षात्मक कारक
12	डॉ. नितिन नागनाथ अभिवंत, मनश्चिकित्सा विभाग, पुणे, महाराष्ट्र	महिला मानसिक स्वास्थ्य– पुणे जिले में महिला मानसिक स्वास्थ्य पर एक अध्ययन
13	महर्षि कर्वे स्त्री शिक्षण संस्थान से संबद्ध श्री सिद्धिविनायक महिला महाविद्यालय, कर्वेनगर, पुणे,महाराष्ट्र	महिला मानसिक स्वास्थ्य– मूल्यांकन और तर्कसंगत भावनात्मक सोच आधारित हस्तक्षेप के माध्यम से कोविड समय में पुलिस और प्रशासन में महिला कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच करना
14	किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ, यूपी	महिला मानसिक स्वास्थ्य– उत्तर प्रदेश राज्य में किसी एक स्थान पर किए गए महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य का सामयिक अध्ययन
15	हैदराबाद विश्वविद्यालय, गाचीबोवली, रंगारेड्डी, हैदराबाद, तेलंगाना	कोविड–19 महामारी के दौरान प्रवासी महिला स्वच्छता कार्यकर्ताओं की भूमिका और कार्य योगदानः बेंगलुरु और हैदराबाद, भारत के चयनित शहरी स्थानीय निकायों में एक अध्ययन
16	गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर, पंजाब	महिला प्रवासी कामगार– कोविड–19 महामारी के बाद प्रवासी श्रमिकों का प्रवास, आजीविका और सामाजिक संरक्षणय पंजाब में मुद्दों और चुनौतियों का एक अध्ययन
17	स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय विष्णुपुरी, नांदेड़, महाराष्ट्र	गन्ना काटने वाली प्रवासी महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए खतरा और सामाजिक कमजोरियाँः महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों से एक अन्वेषण
18	राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय,कटक, उड़ीसा	महिला प्रवासी कामगार– उड़ीसा में महिला प्रवासी कामगारों के सामाजिक संरक्षण पर अध्ययन

फोटो संग्रह

कोविड महिला योद्धाओं का अभिनंदन

राष्ट्रीय महिला आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर अध्यक्षा श्रीमती रेखा शर्मा

राष्ट्रीय महिला आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर

स्थापना दिवस के अवसर पर कोविड महिला योद्धाओं को उनके असाधारण कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

राज्य महिला आयोगों की ओर से पधारे/उपस्थित अध्यक्षगण

स्थापना दिवस के अवसर पर अध्यक्ष महोदया का संबोधन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2021

रा.म.आ. के "महिलाओं के लिए पुरुष" समारोह में वक्तव्य देते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की मुख्यमंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी

समारोह के अवसर पर अध्यक्ष महोदया का संबोधन

रा.म.आ. द्वारा आमंत्रित गणमान्य व्यक्तिगण

बालिकाओं की शिक्षा पर नाटक का प्रदर्शन



समारोह में संबोधित कर रही हैं केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी

राज्य महिला आयोगों के साथ बैठक में माननीय अध्यक्ष

राज्य महिला आयोगों की अध्यक्षों के साथ बैठक में परस्पर विचार–विमर्श

राज्य महिला आयोगों के साथ बैठक में माननीय अध्यक्षा

लेह में **"उद्यमवृत्ति के माध्यम से महिला सशक्तिकरण"** कार्यक्रम की शुरुआत

माननीय अध्यक्ष महोदया ने राष्ट्रीय महिला आयोग की सहभागिता से "आंतरिक परिवाद समिति, जे,एन,यू" द्वारा "कार्यस्थल में महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न" पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

महिला सुरक्षा में पुलिस की भूमिका पर पुलिस महानिरीक्षक से विचार–विमर्श करती हुई (20 जनवरी 2021) रा.म.आ. की अध्यक्षा

माननीय अध्यक्ष महोदया ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से मुलाकात की एवं राज्य में महिलाओं के कल्याण से संबंधित मुद्दों पर विचार–विमर्श किया (20 जनवरी 2021)

अध्यक्षा श्रीमती रेखा शर्मा ने पंजाब यूनिवर्सिटी के कॉलेजों की आंतरिक शिकायत समिति के साथ बैठक की और रा.म.आ.के सहयोग से आयोजित ''कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण)'' पर एक कार्यशाला (25 मार्च 2021) की अध्यक्षता की।

अध्यक्षा श्रीमती रेखा शर्मा ने कश्मीर के गैर सरकारी संगठनों और सखी वन स्टॉप सेंटर्स के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने के तरीके पर चर्चा की।

अध्यक्षा श्रीमती रेखा शर्मा ने रा.म.आ के सहयोग से कश्मीर विश्वविद्यालय में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम) पर एक कार्यशाला की अध्यक्षता की। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के अंतर्गत 50 कॉलेजों/महाविद्यालयों की समितियों ने भाग लिया और अपने प्रश्नों को उठाया। (13 फरवरी 2021)

महिलाओं की शिकायतों को सुनने के लिए अध्यक्षा रेखा शर्मा ने आज जम्मू में एक महिला जन सुनवाई की अध्यक्षता की। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और महिला एवं बाल विकास अधिकारी उपस्थित थे। रा.म.आ. टीम ने 30 मामलों का संज्ञान लिया (9 फरवरी 2021)

लेह में स्थानीय महिला उद्यमियों ने लॉन्च में भाग लिया

लेह में रा.म.आ. के 'उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना' कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर लद्दाख के संसद सदस्य श्री जामयांग सेरिंग नामग्याल

पोषण माह 2021 का जश्न मनाने के लिए रा.म.आ. वेबिनार आयोजित किया गया



राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर वेबिनार



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के साथ कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

नालसा के सहयोग से आयोजित कानूनी जागरूकता शिविर

मंडला, मध्य प्रदेश

नीमच, मध्य प्रदेश

पन्ना, मध्य प्रदेश

शिवपुरी, मध्य प्रदेश

टीकमगढ़, मध्य प्रदेश

सावरदे, महाराष्ट्र

अकोला, महाराष्ट्र



महानगरीय शहरों में उत्तर पूर्वी महिलाओं की समस्याओं पर वेबिनार

रा.म.आ. के मेगा वेबिनार में केंद्रीय मंत्री श्री किरेन रिजिजू

'महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा–यह पुरुषों का मुद्दा है' विषय पर संगोष्ठी

राष्ट्रीय महिला आयोग ने 'महिलाओं के शोषण के खिलाफ भारत' शीर्षक से 18 घंटे की आभासी चर्चा का आयोजन किया

'कैसे महिलाओं का ऑनलाइन शोषण नियंत्रण से बाहर हो गया है' विषय पर संगोष्ठी

टिप्पणी

टिप्पणी

राष्ट्रीय महिला आयोग

प्लॉट नं. 21, जसोला इंस्टीट्यूशनल एरिया–110025
वेबसाइट : http://ncw.nic.in